# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र

ब्रिक्सवोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर सपा ने की पंचायत पेज: 3

चुंबक में महिलाएं सिर्फ सपोर्टिंग कैरेक्टर्स नहीं पेज: 8



वर्ष : 02 | अंक : 181 | सोमवार 05 अक्टूबर 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए


# म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने बताया नए वर्ल्ड ऑर्डर का स्वरूप, बोले- साझा हितों से बन रहे गठबंधन

**नई दिल्ली:** आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका-चीन मुकाबले पर कहा कि दुनिया गोल्डीलॉक्स सिनेरियो में है, जहां हालात न ज्यादा गर्म हों न ज्यादा ठंडे। उन्होंने कहा कि उभरती और मध्यम ताकतें अब अपने विकल्प बढ़ाने और जोखिम कम करने पर फोकस कर रही हैं और हितों में सीधा टकराव न होने पर वे आपस में सहयोग को तैयार हैं, जिसका उदाहरण क्वाड है। जयशंकर ने कहा कि खासकर अमेरिका और चीन के बीच मुकाबले के संदर्भ में देखें, तो मुझे लगता है कि हम उस स्थिति की ओर देख रहे हैं जिसे अक्सर गोल्डीलॉक्स सिनेरियो कहा जाता है। यानी आप नहीं चाहते कि हालात बहुत ज्यादा गर्म हों, न ही बहुत ज्यादा ठंडे। आप चाहते हैं कि स्थिति इन दोनों के बीच सही संतुलन में रहे तो ऐसे में उभरती हुई और मध्यम ताकत वाले देशों के लिए क्या स्थिति बनती है? जयशंकर ने कहा कि मेरा मानना है कि आज इनमें से ज्यादातर देश हर तरह से अपने विकल्प बढ़ाने और

जोखिम कम करने पर ध्यान दे रहे हैं। यह सिर्फ उनकी अर्थव्यवस्था या सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे अपनी सप्लाई चेन को भी ज्यादा मजबूत और भरोसेमंद बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कई मायनों में ये देश नई व्यवस्थाएं तैयार कर रहे हैं और अलग-अलग मुद्दों के आधार पर सहयोग बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उभरती हुई और मध्यम ताकतों के लिए साथ काम करने का आधार एक हद तक विचारों और हितों में समानता होना चाहिए और शायद पहले से ऐसा हो भी रहा है। मुझे लगता है कि वे दिन अब पीछे छूट गए हैं, जब देशों के विचार बिल्कुल एक जैसे होना या उनके हितों में बहुत ज्यादा समानता होना जरूरी माना जाता था। आज के समय में यह उम्मीद कुछ ज्यादा ही है। अगर देशों के बीच सहयोग के लिए पर्याप्त साझा मुद्दे हैं, तो उनके लिए मिलकर काम करने के लिए इतना ही काफी है। उन्होंने कहा कि जोखिम कम करने, विकल्प बढ़ाने और अलग-अलग रास्ते खुले रखने की इस प्रक्रिया में धीरे-धीरे एक नया ढांचा तैयार हो रहा है। अब सवाल यह है कि कौन किसके साथ सहयोग करेगा। उभरती हुई और मध्यम ताकतों के बीच अगर हितों

**■ ग्लोबल ऑर्डर में अपनी आवाज को मजबूत करने के नजरिए से देखें, तो ब्रिक्स एक अच्छा उदाहरण है। असल में ब्रिक्स इस बात का उदाहरण है**

का सीधा टकराव नहीं है, तो स्वाभाविक है कि वे आपस में सहयोग मजबूत करना चाहेंगी। साथ ही, यह भी स्वाभाविक है कि वे अमेरिका के साथ और निश्चित रूप से चीन के साथ भी सहयोग करेंगी। जयशंकर ने कहा कि अब इस तरह के सहयोग के कुछ उदाहरण देखते हैं। एक उदाहरण, जिससे ज्यादातर भारतीय अच्छी तरह परिचित होंगे और राजदूत महोदय, आपने भी हिंद-प्रशांत का जिक्र किया, वह है क्वाड। अगर आज हम समुद्री क्षेत्र और हिंद-प्रशांत को देखें, तो क्वाड एक ऐसा उदाहरण है, जहां उभरती और मध्यम ताकतें एक स्थापित बड़ी ताकत के साथ मिलकर सहयोग कर रही हैं। ऐसे ही आईएमईसी पहल (इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर), इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर या पोलर रूट (नॉर्दर्न सी रूट), ये सभी सहयोग के विषय हो सकते हैं। अगर आप ग्लोबल ऑर्डर में अपनी आवाज को मजबूत करने के नजरिए से देखें, तो ब्रिक्स एक अच्छा उदाहरण है। असल में ब्रिक्स इस बात का उदाहरण है कि आज कई देश महसूस करते हैं कि उनकी सामूहिक आवाज उनकी अलग-अलग आवाजों की तुलना में कहीं ज्यादा मजबूत है। अगर मैं रिसोर्स या टेक्नोलॉजी के क्षेत्र की बात करें तो पैक्स सिलिका एक नया उदाहरण है। अगर आप ग्लोबल भलाई के नजरिए से बड़े पैमाने पर सोचें, तो इंटरनेशनल सोलर अलायंस या कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) जैसे उदाहरण हैं। इन दोनों की शुरूआत भारत ने की थी और ये बहुत सफल रहे हैं;

## मुस्लिम वोटर्स के नाम हटाने के मामले में बीजेपी नेता को मिली सशर्त जमानत

बेलगावी (एजेंसी)। कर्नाटक के बेलगावी में एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट से नाम हटाने के मामले में सियासी घमासान मचा है। इस मामले में बीजेपी नेता डॉ. रवि पाटिल को गिरफ्तारी से राहत मिल गई है। बेलगावी की दूसरी अतिरिक्त जिला और सत्र कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी है। डॉ. रवि पाटिल पर 198 मुस्लिम वोटर्स के नाम एसआईआर के जरिए डिलीट कराने का आरोप था। इस मामले में पाटिल समेत 20-25 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पाटिल के खिलाफ मार्केट पुलिस स्टेशन में वार्ड 12 के बीएलओ की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया था। केस दर्ज होते ही रवि पाटिल अंडरग्राउंड हो गए थे। मार्केट पुलिस स्टेशन में रवि पाटिल, प्रशांत मुंदिनमनी और शंकर नायक समेत 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन पर फर्जी दस्तावेज, गलत जानकारी देने और शहर में कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश का आरोप है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि यह घटना 22 सितंबर को बेलगावी के वीरभद्रनगर में पोलिंग बूथ 195 और 196 पर हुई थी। आरोप है कि उन्होंने जीवित और कानूनी रूप से वैध वोटर्स के नाम डिलीट कराने की कोशिश की थी। उन पर फॉर्म-7 के जरिए नाम हटवाने का आरोप है।

## फिरोजाबाद में जमीन विवाद में महिला की कुल्हाड़ी से हत्या, जेठ पर आरोप

फिरोजाबाद(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में नौ बीघा जमीन के विवाद में 38 वर्षीय महिला की हत्या का मामला सामने आया है। नगला खंगर थाना क्षेत्र के कोरारी खेड़ा गांव में सोनी की खेत में घास काटने के दौरान कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतका के जेठ नेपाल सिंह पर हत्या का आरोप है। वारदात के बाद से वह फरार है। पुलिस के अनुसार, मृतका के भाई अमृतलाल ने शिकायत में जमीन विवाद को हत्या की वजह बताया है। आरोप है कि नेपाल सिंह अपने छोटे भाई के हिस्से की नौ बीघा जमीन पर कब्जा करना चाहता था। सोनी खेत की देखरेख करती थी और वहां काम करने जाती थी। इसी बात को लेकर विवाद होने का आरोप लगाया गया है। परिजनों के मुताबिक, सोनी के पति संदीप की एक हादसे के बाद मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए वह खेती की जिम्मेदारी संभालती थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की और नेपाल सिंह के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया। सीओ सिरसागंज चंचल त्यागी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## ओवैसी की चेतावनी : हैदराबाद में जंतर-मंतर से बड़ा होगा आंदोलन

हैदराबाद(एजेंसी)। एआईएमआईएम अध्यक्ष और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मतदाता सूची से लोगों के नाम गलत तरीके से हटाए जाने को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार से जुड़े लोग फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर मतदाता सूची से अल्पसंख्यकों और अन्य कमजोर वर्गों के मतदाताओं के नाम हटाने की कोशिश कर रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि कुछ जगहों पर पहले से छपे हुए फॉर्म-7 जमा किए जा रहे हैं, जिनमें केवल उस व्यक्ति का नाम लिखा होता है जिसका नाम मतदाता सूची से हटाने की मांग की गई है, लेकिन फॉर्म जमा करने वाले व्यक्ति का नाम और उसकी जानकारी नहीं दी जाती है। उन्होंने इसे पूरी तरह से गलत और लोकतंत्र पर हमला बताया।

## पुलिस ऐसे दरिंदे को क्यों बचाना चाह रही जिसने सबके सामने यौन उत्पीड़न किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला पत्रकार से छेड़छाड़ के आरोपों पर कॉकरोच जनता पार्टी के सह संयोजक सौरभ दास ने दिल्ली पुलिस और एसीपी पर हमला बोला। उन्होंने दिल्ली पुलिस पर एसीपी को बचाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने के लिए चेतावनी भी दी है। सौरभ दास ने दावा किया है कि जिनके साथ छेड़छाड़ हुई, वे पत्रकार और अन्य लोग थाने के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। वे एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे, लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हम उनके समर्थन के लिए पहुंचे और दिल्ली पुलिस से बात की। दिल्ली पुलिस अड़ी हुई है कि वे एफआईआर दर्ज नहीं करेंगे। सौरभ ने कहा कि हम दिल्ली पुलिस से पूछना चाहते हैं कि आप ऐसे दरिंदे को क्यों बचाना चाहते हैं जिसने सबके सामने यौन उत्पीड़न किया है। ऐसा क्या है एसीपी विवेक भगत के पास जिसकी वजह से उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। सौरभ ने बताया है कि उन्होंने दिल्ली पुलिस को सोमवार दोपहर तक का समय दिया है। एफआईआर दर्ज ना होने पर उन्होंने फिर एक बार प्रदर्शन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली पुलिस से कहा है कि आपको जितने वीडियो खंगालने है, खंगालिए लेकिन आपके पास कल 12 बजे तक का समय है। अगर कल 12 बजे तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो सारे पत्रकार और अन्य समर्थक एक बार फिर थाने के बाहर आएंगे और एफआईआर की कॉपी लेकर ही जाएंगे। वहीं अन्य एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस विवेक भगत को बचा रही है और एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर रही है। उन्होंने लिखित शिकायत और वीडियो की जांच करने के लिए हमसे कुछ समय मांगा है।

## विजय की पार्टी टीवीके ने इंडी गठबंधन में शामिल होने का किया एलान

**-ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 15 को चेन्नई में कई पार्टियां करेंगी विरोध प्रदर्शन**

**चेन्नई , एजेंसी।**
तमिलनाडु के सीएम सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली पार्टी तमिझगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने आधिकारिक तौर पर इंडी गठबंधन में शामिल होने का एलान कर दिया है। शनिवार को चेन्नई स्थित कांग्रेस मुख्यालय में हुई गठबंधन की बैठक में टीवीके के दो मंत्रियों ने हिस्सा लेकर इसकी औपचारिक शुरुआत की। बता दें चेन्नई में हुई इस अहम बैठक में टीवीके के चुनाव प्रबंधन महासचिव और मंत्री आधार अर्जुन और वित्त मंत्री मैरी विल्सन ने पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मणिकम टैगोर ने इसे गठबंधन के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि अभिनेता और नेता विजय के इस फैसले से पूरा गठबंधन और ज्यादा मजबूत होगा।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बैठक में यह तय किया गया कि इंडी गठबंधन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदेश भर में जिला स्तर पर जोरदार प्रदर्शन करेगा। गठबंधन दलों का आरोप है कि एसआईआर प्रक्रिया में चुनाव आयोग ने मनमाने और गैरकानूनी तरीके से काम किया है, जिसके कारण चुनावी सूची से 13 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम काट दिए गए। बता दें ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर 15 अक्टूबर को चेन्नई में होने वाले विरोध प्रदर्शन में टीवीके के अलावा कांग्रेस, वीसीके, सीपीआई, सीपीएम, आईयूएमएल, एमडीएमके और सीपीआई(एमएल) जैसी तमाम पार्टियां एक मंच पर नजर आएंगी। इस मामले में एमडीएमके नेता वाइको ने कहा कि शनिवार को बैठक में शामिल होना महज पहला कदम है। आने वाले समय में टीवीके इंडी गठबंधन की राष्ट्रीय बैठकों में भी हिस्सा लेगी।

## पुलिस ने विदेशी फंडिंग का एंगल देने ऐसे लोगों को उठाया जिनका सीजेपी से मतलब नहीं

**-अभिजीत दीपके ने लगाए पुलिस पर गंभीर आरोप, 10 को जंतर-मंतर पर होगा प्रदर्शन**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) फिर से दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की तैयारी में है। सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने ऐलान किया था कि 10 अक्टूबर को दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे। इस बीच दीपके ने दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने रविवार को कहा कि पुलिस ने विदेशी फंडिंग का एंगल देने के लिए ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनका सीजेपी से कोई लेना देना नहीं है।
दीपके ने एक्स पर लिखा- दिल्ली पुलिस ने कुछ ऐसे लोगों को उठाया है जिनका सीजेपी से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन विदेशी फंडिंग का एंगल बनाने के लिए उन्हें ज़बरदस्ती सीजेपी से जोड़ने की कोशिश की गई। एक दोस्त ने बताया कि

उनमें से एक व्यक्ति की पुलिस ने बेरहमी से पिटाई की। उसकी गिरफ्तारी की वजह से नौकरी भी चली गई। सीजेपी ने आरोप लगाया था कि दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान कुछ महिलाओं से छेड़छाड़ हुई। सीजेपी की रत्ना सिंह ने भी पुलिस पर आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- छेड़छाड़ का मामला दिल्ली क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है। लेकिन इससे यह साफ नहीं होता कि अभी तक एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की है। जांच शुरू करने से पहले क्राइम ब्रांच को आरोपी एसीपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।
बता दें दिल्ली और मुंबई में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ था। विपक्ष और सीजेपी लगातार ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रही है। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने भी शनिवार को दिल्ली के इंडिया गेट पर प्रदर्शन किया। खात बात यह है कि सीजेपी भी अब 10 अक्टूबर को दिल्ली में प्रदर्शन की तैयारी में है।

## 19वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। 19वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 7 से 9 जनवरी 2027 तक कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जनवरी को तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। सम्मेलन का आयोजन विदेश मंत्रालय और पश्चिम बंगाल सरकार संयुक्त रूप से करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगी और प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान करेंगी। इस दौरान युवा प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें दुनियाभर से भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य, युवा नेता, उद्यमी, पेशेवर, शिक्षाविद और नवोन्मेषक शामिल होंगे। प्रवासी भारतीय दिवस महात्मा गांधी के 9 जनवरी 1915 को दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने की स्मृति में मनाया जाता है। इस सम्मेलन का उद्देश्य विदेशों में रह रहे भारतीय समुदाय से संपर्क मजबूत करना और देश के विकास में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## यूपी देश का पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक राज्य, 10 सालों में निर्यात दो लाख करोड़ के पार

**-सीएम योगी बोले- भदोही का कालीन हुनर अब विकास और वैश्विक बाजार से जुड़ रहा**

**लखनऊ, एजेंसी।**
यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि यह प्रदेश देश का पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक राज्य है और इसके निर्यात में भदोही के कालीन उद्योग का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रदेश का निर्यात करीब 2.27 गुना बढ़कर दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पहले भदोही का हुनर अपनी राह तलाशता था। आज सरकार उसके लिए विकास, बाजार और अवसर के नए द्वार खोल रही है।

उन्होंने कहा कि जिन कारीगरों के हुनर ने भदोही के कालीनों को दुनिया तक पहुंचाया, उन्हें 2017 से पहले बुनियादी सुविधाओं और अवसरों के लिए इंतजार करना पड़ता था। अब यह हुनर विकास और वैश्विक बाजार, दोनों से जुड़ रहा है। सीएम ने कहा कि हाथ से बनी भदोही की कालीनों की मांग आज पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है, जो वैश्विक मंच पर यूपी के हुनर का लोहा मनवा रही हैं।
उन्होंने बताया कि एशिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय हस्तनिर्मित कालीन व्यापार मेले 'इंडिया कारपेट एक्सपो' के स्वर्ण जयंती संस्करण की रविवार को शुरुआत हुई। इस अवसर पर वह कालीन उद्योग के निर्यातकों, विक्रेताओं और उद्यमियों से संवाद किया। योगी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान भदोही, औराई और ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्रों में 1,340 करोड़ रुपए से ज्यादा की 112 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा और कई योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ भी वितरित किए जाएंगे। योगी ने कहा कि कारीगर के हाथ को सम्मान, उद्यम को विस्तार, युवाओं को रोजगार और भदोही को समृद्धि, यही नए यूपी में विरासत और विकास के संगम की नई पहचान है।

## ऐसी राजनीति देश को गृह युद्ध की ओर ले जा सकती है : निशिकांत

**-बीजेपी सांसद ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे विपक्ष पर बोला हमला**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
चुनाव आयोग और एसआईआर को लेकर जारी विवाद के बीच बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। दुबे ने आरोप लगाया कि यह पूरा आंदोलन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और बांग्लादेशियों को भारतीय नागरिक व वोटर बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि ऐसी राजनीति देश को गृह युद्ध की ओर ले जा सकती है।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दुबे ने कहा कि राहुल गांधी जितना चाहें विरोध कर सकते हैं, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का

आंदोलन चुनाव आयोग के खिलाफ चलाया जा रहा है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब राहुल गांधी समेत विपक्षी नेता एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। दुबे ने 1983 के असम के नेल्ली नरसंहार का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बिना चुनाव कराने का परिणाम हिंसा के रूप में सामने आया था। दुबे ने इसी संदर्भ में मौजूदा विवाद को जोड़ते हुए कहा कि देश को ऐसी स्थिति की ओर नहीं बढ़ना चाहिए।
उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों में आंतरिक चुनाव नहीं होते और इन्हें 'अलोकतांत्रिक पार्टियां' बताया। कांग्रेस के संगठनात्मक चुनावों को लेकर उन्होंने 1969 के बाद चुनाव नहीं होने का दावा किया। दुबे ने कहा कि भारत में चुनाव भारतीय नागरिकों द्वारा ही लड़े और जीते जाने चाहिए। उन्होंने बांग्लादेशी या पाकिस्तानी नागरिकों के मतदान के खिलाफ अपनी बात दोहराई।

## बंगाल की खाड़ी का बढ़ता तापमान, भविष्य के गंभीर चक्रवातों का दे रहा संकेत

**-अतिरिक्त गर्मी आने वाले समय में मौसम को बड़े पैमाने पर बदल सकती है**

**कोलकाता, एजेंसी।**
बंगाल की खाड़ी का लगातार बढ़ता समुद्री तापमान मौसम वैज्ञानिकों के लिए एक गहरी चिंता का विषय बन गया है। समुद्र की सतह का तापमान और उसमें जमा हो रही अतिरिक्त गर्मी आने वाले समय में मौसम के मिजाज को बड़े पैमाने पर बदल सकती है, जिससे पूर्वी तटीय राज्यों के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। यह क्षेत्र पहले से ही चक्रवातों के लिए बेहद संवेदनशील माना जाता है, और समुद्र का अधिक गर्म होना इन तूफानों को अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान कर सकता है, जिससे वे कम समय में और अधिक विनाशकारी बन सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक यह एक गंभीर संकेत है, हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि अभी कोई खास विनाशकारी चक्रवात दस्तक देने वाला है। चिंता भविष्य के बड़े खतरे को लेकर है।
समुद्री विज्ञान शोधकर्ताओं के मुताबिक चक्रवात अपनी ऊर्जा गर्म समुद्री पानी से हासिल करते हैं। समुद्र की सतह का तापमान जितना ज्यादा होता है, उतनी ही ज्यादा गर्मी और नमी तूफान को मिलती है, जिससे उसकी तीव्रता तेजी से बढ़ती है। बंगाल की खाड़ी पहले से ही दुनिया के सबसे ज्यादा चक्रवात प्रभावित समुद्री क्षेत्रों में से एक है। यदि समुद्र का पानी और गर्म होता है, तो तेज और अत्यधिक ताकतवर चक्रवातों का खतरा बढ़ जाएगा, जो जमीन से टकराने से पहले तेजी से मजबूत हो सकते हैं।
इस बढ़ते तापमान का असर केवल चक्रवातों तक सीमित नहीं रहेगा। ओडिशा सहित पूर्वी तट के राज्यों में भविष्य में अत्यधिक बारिश, बाढ़ और तटीय कटाव का खतरा बढ़ सकता है। मछुआरों और समुद्री आजीविका पर निर्भर लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, और कृषि पर भी मौसम की अनिश्चितता का नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है।
हाल के वर्षों में गंभीर मौसम प्रणालियों के व्यवहार में बदलाव देखा गया है। आईआईटी भुवनेश्वर के प्रोफेसर संदीप पटनायक जैसे विशेषज्ञ बताते हैं कि बंगाल की खाड़ी में बनने वाले गहरे दबाव और चक्रवाती सिस्टम अब ज्यादा जटिल तरीके से व्यवहार कर रहे हैं। ये सिस्टम कई बार तट के पास ज्यादा समय बिताते हुए या तो तेजी से मजबूत होते हैं या फिर अचानक कमजोर पड़ जाते हैं, जिससे इनकी सटीक भविष्यवाणी करना और भी कठिन हो जाता है।
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में समुद्र की सतह का तापमान आमतौर पर 28 से 30 डिग्री सेल्सियस रहता है, जो मौसम प्रणालियों को पर्याप्त नमी उपलब्ध कराता है। इस तापमान में मामूली बदलाव भी चक्रवात की ताकत पर बड़ा असर डाल सकता है। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात की भविष्यवाणी इसलिए भी मुश्किल है क्योंकि यहां समुद्र और वायुमंडल के बीच कई तरह की जटिल प्रक्रियाएं एक साथ काम करती हैं। गर्म समुद्र के साथ हवा की दिशा और ऊपरी वायुमंडलीय

परिस्थितियां भी तूफान के रास्ते और ताकत को प्रभावित करती हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के लिए समुद्र से ज्यादा से ज्यादा वास्तविक समय का डेटा जुटाना और बेहतर समुद्री निगरानी सिस्टम स्थापित करना अत्यंत जरुरी है। वैज्ञानिकों का जोर समय रहते इस खतरे को समझने और उससे निपटने की तैयारी मजबूत करने पर है।

## संपादकीय

### 'घोषणा-पत्र' गायब!

हमारे देश में दो सबसे प्रमुख संवैधानिक संस्थाएं हैं-सर्वोच्च अदालत और चुनाव आयोग। अक्सर शीर्ष अदालत चुनाव आयोग के फैसलों, कार्य-प्रणाली और अभियानों में हस्तक्षेप नहीं करती। दलील दी जाती रही है कि वह भी संवैधानिक संस्था है, लिहाजा संविधान की गरिमा और वैधता को समझती है। अलबत्ता सर्वोच्च अदालत आयोग के फैसलों की आधी-अधूरी समीक्षा जरूर करती रही है। सवाल है कि फॉर्म 6 के साथ जो घोषणा-पत्र नत्थी किया गया था, उसे सर्वोच्च अदालत ने 'अवैध' करार क्यों नहीं दिया? आयोग को निर्देश क्यों नहीं दिए गए कि फॉर्म 6 में कोई भी बदलाव उसके अधिकार-क्षेत्र में नहीं है? संसद और भारत सरकार की स्वीकृति और अधिसूचना के बाद ही चुनाव आयोग कोई बदलाव कर सकता था। अब अचानक 26 सितंबर को आयोग का फैसला सामने आया कि जहां 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) हो चुका है अथवा अभी होना है, वहां फॉर्म 6 के साथ घोषणा-पत्र की अनिवार्यता नहीं है। बीती 30 सितंबर को आयोग के 'साफ्टवेयर तंत्र' से ही फॉर्म 6 के साथ वाला घोषणा-पत्र गायब हो गया। कहां गया घोषणा-पत्र..? अब किसने फैसला लिया कि घोषणा-पत्र हटा दिया जाए? क्या यह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता और दोनों चुनाव आयुक्तों-सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी-का 'साझा निर्णय' है? देश को जानने का लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सवाल भी तार्किक लगते हैं कि फॉर्म 6 में अवैध तरीके से बदलाव किसके आदेश से किया गया? 'टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज' (टीसीएस) को आदेश किसने दिया? कंपनी में किसने मंजूरी दी? हालांकि नेता प्रतिपक्ष ने घोषणा-पत्र गायब होने का मुद्दा अभी नहीं उठाया है। घोषणा-पत्र को हटाने अथवा गायब होने का महत्व इसलिए है, क्योंकि लाखों वैध मतदाताओं को बाध्य कर घोषणा-पत्र भरवाए जा रहे थे। सॉफ्टवेयर में ऐसी व्यवस्था की गई थी कि यदि मतदाता अपने माता-पिता या दादा-दादी के मतदाता होने की पुष्टि नहीं करता अथवा वह कॉलम नहीं भरता, तो उसे भी मतदाता-सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। फॉर्म 6 के घोषणा-पत्र के जरिए मतदाताओं को 'झूठ' बोलने को भी विवश किया जाता रहा है कि वह पहली बार मतदाता बनने जा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने कभी भी मतदान नहीं किया। यह मामला भी शीर्ष अदालत के सामने उठना चाहिए। 'इंडी' गठबंधन की बैठक में प्रख्यात अधिवक्ता एवं सांसद कपिल सिब्बल ने सुझाव दिया था कि आयोग में आईटी सॉफ्टवेयर सिस्टम की महानिदेशक सीमा खन्ना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करानी चाहिए, क्योंकि सीईसी ज्ञानेश को तो 2023 के कानून के मुताबिक 'कानूनी कवच' मिला हुआ है।

## चिंतन-मनन

### गुरु तत्व का सम्मान

जब भी तुमने बदले में किसी आशा के बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदर्शन किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख-भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्रह्मांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दुःख गायब हो जाता है और आत्म-ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म-ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा।

जीवन में शांति सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म-चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आसन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदर्शक है।

अपनी लगन, श्रद्धा और वचनबद्धता से तुम स्पष्ट रूप से देख सकते हो कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, जिस पल तुम गुरु को गुरु मान लेते हो, उनके सभी गुण प्राप्त करना संभव हो जाता है। एक बार जब गुरु उपाय बन जाते हैं, तुम जीवन में कभी पराजित नहीं होते। गुरु के लिए भक्ति काफी है। गुरु यहां तुम्हारे लिए हैं और तुम्हारे अच्छे और बुरे समय के दौरान तुम्हारे साथ हैं। तुम अकेले नहीं हो तो गुरु को ढूंढ़ निकालो और स्वाभाविक रूप से जियो और प्रेम और आनंद में खुशी मनाओ।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

## भारतीय खिलाड़ियों का जापान में श्रेष्ठ प्रदर्शन



सनत जैन

जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन कर दिया। भारत ने प्रतियोगिता में कुल 85 पदक अपने नाम किए, जिनमें 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं। इस प्रदर्शन के साथ भारत ने पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। इस तरह भारत ने एशिया के सबसे बड़े बहु-खेल आयोजनों में अपनी मजबूत स्थिति कायम रखी। 2023 में भारत ने 28 गोल्ड सहित 106 मेडल जीत कर पहली बार सारी दुनिया को चौंकाया था। 2026 में 2023 का रिकॉर्ड तो भारत नहीं तोड़ पाया लेकिन उसने जो सफलता प्राप्त की है भारत के लिए यह अभियान कई मायनों में अति महत्वपूर्ण रहा। अलग-अलग खेलों में खिलाड़ियों ने न केवल पदक जीते, बल्कि कई मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आने वाले अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए भी उम्मीदें बढ़ाई हैं। खास तौर पर निशानेबाजी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स और कुश्ती में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

एशियन गेम्स में भारत के खाते में कुल 21 स्वर्ण पदक आए। इनमें कई ऐसे मुकाबले रहे, जिनमें भारतीय खिलाड़ियों ने कड़े अंतर्राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों को चुनौती देते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। रजत पदकों की संख्या 27 और कांस्य पदकों की संख्या 37 रही। इस तरह भारत ने कुल 85 पदकों के साथ प्रतियोगिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय खेलों में पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह निशानेबाजी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स और कुश्ती जैसे खेलों पर ध्यान बढ़ा है, उसका असर एशियन गेम्स के प्रदर्शन में भी दिखाई दिया है। निशानेबाजी भारत के लिए प्रमुख पदक दिलाने वाले खेलों में शामिल रही। भारतीय निशानेबाजों ने विभिन्न स्पधाओं में शानदार प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण पदक हासिल किए। वहीं तीरंदाजी में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक, एकाग्रता और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता का परिचय दिया। एथलेटिक्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ट्रैक एंड फील्ड स्पधाओं में मिले पदकों ने भारत की पदक तालिका को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुश्ती में भी भारतीय पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए।

एशियन गेम्स 2026 का एक प्रमुख आकर्षण भारतीय महिला हॉकी टीम का स्वर्ण पदक हासिल करना रहा है। टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस सफलता का महत्व इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि इसके साथ भारतीय महिला हॉकी टीम ने ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई किया। महिला हॉकी टीम की इस उपलब्धि ने भारतीय खेल प्रेमियों के बीच उत्साह पैदा किया और यह साबित किया कि भारतीय महिला खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत कर रही हैं। एशियन गेम्स में 85 पदकों के साथ चौथा स्थान भारत के लिए उत्साहजनक परिणाम माना जा सकता है। इस प्रदर्शन से देश के खिलाड़ियों और खेल संघों के सामने अब अगले बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए और बेहतर तैयारी करने की चुनौती भी है। भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि पदक केवल एक-दो खेलों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अलग-अलग खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता दिखाई। 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदकों का यह प्रदर्शन भारतीय खेलों में बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का संकेत देता है। एशियन गेम्स 2026 का भारतीय अभियान इस संदेश के साथ समाप्त हुआ, देश के खिलाड़ी अब एशियाई ही नहीं, बल्कि वैश्विक खेल मंच पर भी बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार हैं।

## शिक्षकों पर है नई सृष्टि और दृष्टि गढ़ने की जिम्मेदारी

नीरज कुमार दुबे

शिक्षक केवल पाठ पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं होता, वह मनुष्य के भीतर छिपी संभावनाओं को पहचानकर उन्हें आकार देने वाला शिल्पकार होता है। वह केवल ज्ञान नहीं देता, जीवन को दिशा देता है; केवल परीक्षा के लिए तैयार नहीं करता, बल्कि परिस्थितियों से संघर्ष करने की क्षमता देता है। आज जब दुनिया अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई हमारी जीवन-शैली, कार्य-पद्धति, ज्ञान और संचार के लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही है, तब शिक्षक की भूमिका कम नहीं, बल्कि पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। मशीनें सूचना दे सकती हैं, उत्तर खोज सकती हैं और अनेक कार्य मनुष्य से तेज कर सकती हैं, लेकिन संवेदना, विवेक, करुणा, नैतिकता और जीवन-मूल्यों का संस्कार मनुष्य ही दे सकता है। यही वह क्षेत्र है जहाँ शिक्षक की भूमिका अद्वितीय है। विश्व शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष 5 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस 1966 में आईएलओ-यूनेस्को की शिक्षकों की स्थिति संबंधी अनुशंसा को स्मरण करता है, जिसमें शिक्षकों के अधिकार, दायित्व, प्रशिक्षण, नियुक्ति, रोजगार तथा शिक्षण-कार्य की परिस्थितियों के लिए वैश्विक मानक निर्धारित किए गए थे। 1994 से विश्व शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है।

वर्ष 2026 का विश्व शिक्षक दिवस इसलिए विशेष है कि यह 1966 की उस ऐतिहासिक अनुशंसा की 60वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष की थीम है-ह्लशिक्षकों के साथ खड़े रहनाः पेशे की रक्षा, उसकी स्थिति को उन्नत करना और हमारे भविष्य को आकार देना।ह्व यूनेस्को ने इस अवसर पर बदलती दुनिया में शिक्षकों के सामने डिजिटल तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन, समावेशन, प्रवासन और विस्थापन जैसी नई चुनौतियों को रेखांकित किया है। इस थीम का संदेश अत्यंत गहरा है। शिक्षक को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, उचित कार्य-परिस्थितियां, पेशेवर स्वायत्तता, सामाजिक सम्मान और अपनी प्रतिभा का उपयोग करने के अवसर भी चाहिए। यूनेस्को स्वयं यह रेखांकित करता है कि शिक्षकों को जिस तरह तैयार, समर्थित और सम्मानित किया जाता है, वह शिक्षा की गुणवत्ता और समानता से सीधे जुड़ा है। आज का युग ज्ञान-विस्फोट का युग है। कभी विद्यार्थी के लिए शिक्षक ज्ञान का प्रमुख स्रोत होता था। आज एक मोबाइल फोन पर असंख्य पुस्तकें, व्याख्यान, पाठ्यक्रम और एआई आधारित उपकरण उपलब्ध हैं। ऐसी स्थिति में प्रश्न उठता है कि जब मशीनें उत्तर देने लगी हैं तो शिक्षक की आवश्यकता क्यों है? इसका उत्तर यही है कि शिक्षक का काम उत्तर देना भर नहीं, सही प्रश्न पूछना सिखाना है। एआई जानकारी दे सकता है, लेकिन उस जानकारी का उपयोग किस उद्देश्य से हो, यह विवेक शिक्षक विकसित करता है। मशीन बुद्धि को तेज कर सकती है, लेकिन मनुष्य को विवेकशील, संवेदनशील और जिम्मेदार बनाना अभी भी शिक्षक का ही कार्य है। एक बच्चा जब विद्यालय में प्रवेश करता है, तब उसके पास केवल जिज्ञासा होती है। शिक्षक उस जिज्ञासा को ज्ञान में, ज्ञान को विवेक में और विवेक को जीवन-मूल्यों में बदलता है। एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थी को केवल यह नहीं बताता कि क्या सही है, वह उसे सही और गलत के बीच स्वयं निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। यही वास्तविक शिक्षा है, इसी से उन्नत एवं चरित्रसम्पन्न नागरिकों का निर्माण होता है।

महात्मा गांधी ने शिक्षा के सर्वांगीण स्वरूप पर बल दिया था। भारतीय परंपरा में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि मनुष्य को संस्कारित और जिम्मेदार बनाना रहा है। ह्यसा विद्या या विमुक्तयेह्व-वही विद्या है जो मुक्ति प्रदान करे। यह मुक्ति केवल अज्ञान से नहीं, बल्कि भय, लोभ, क्रोध, अहंकार, हिंसा, ईर्ष्या और संकीर्णता से भी होनी चाहिए। यदि शिक्षा मनुष्य को अधिक ज्ञानवान तो बनाए, लेकिन अधिक मानवीय न बनाए, तो शिक्षा का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। आज समाज में हिंसा, तनाव, असहिष्णुता, पारिवारिक विघटन, मानसिक दबाव और सामाजिक अविश्वास की अनेक स्थितियां दिखाई देती हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल कानूनों से संभव नहीं है। कानून बाहरी व्यवहार को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन मनुष्य के भीतर करुणा, संयम और सह-अस्तित्व की भावना शिक्षा ही विकसित कर सकती है। इसलिए शिक्षक वास्तव में शांति के निमार्ता भी हैं। जिस कक्षा में विद्यार्थी दूसरे की बात सुनना, मतभेद का सम्मान करना, क्रोध को नियंत्रित करना और सहयोग करना सीखता है, वहीं से शांतिपूर्ण समाज की नींव पड़ती है।

आज आवश्यकता ऐसे शिक्षक की है जो विद्यार्थी को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने के साथ सहयोग का महत्व भी समझाए; सफलता का अर्थ केवल अधिक धन या बड़ा पद नहीं, बल्कि बेहतर मनुष्य बनना भी बताए। वह बच्चे को यह समझाए कि तकनीक हमारे हाथ में साधन है, हमारा स्वामी नहीं। एआई का उपयोग ज्ञान और सृजन के लिए हो, मानवीय विवेक को समाप्त करने के लिए नहींकृ-संतुलन को समझाने की जिम्मेदारी शिक्षक की है। शिक्षक को आज स्वयं भी निरंतर सीखना होगा। जिस गति से तकनीक बदल रही है, उसमें शिक्षक यदि अपने ज्ञान को स्थिर कर लेगा तो विद्यार्थी से पीछे रह जाएगा। इसलिए आज का शिक्षक केवल ह्यगुरुह्व नहीं, स्वयं भी आजीवन विद्यार्थी है। यूनेस्को की वर्तमान पहल भी इसी बदलती परिस्थिति में शिक्षक के पेशेवर विकास और समर्थन की आवश्यकता को रेखांकित करती है। शिक्षक की तुलना एक शिल्पकार से की जा सकती है। शिल्पकार पत्थर में छिपी प्रतिमा को देख लेता है और फिर धीरे-धीरे अनावश्यक अंश हटाकर उसे आकार देता है। उसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थी के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानता है। किसी में विज्ञान की प्रतिभा होती है, किसी में साहित्य की, किसी में कला की, किसी में नेतृत्व की और किसी में सेवा की। शिक्षक का दायित्व सभी को एक ही साँचे में ढालना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की विशिष्टता को पहचानकर उसे विकसित करना है।

नई सृष्टि का निर्माण ईंट-पत्थरों से नहीं, नई चेतना वाले मनुष्यों से होगा। आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता दुनिया की कार्य-व्यवस्था को कितना भी बदल दे, मनुष्य की करुणा, नैतिकता, कल्पनाशीलता और उत्तरदायित्व का महत्व बना रहेगा। इसलिए आज शिक्षक के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि वह विद्यार्थी को कितनी जानकारी दे सकता है, बल्कि यह है कि वह विद्यार्थी को कैसा मनुष्य बना सकता है। महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ का विचार था कि व्यक्तित्व-निर्माण अत्यंत कठिन कार्य है और जागरूक, निःस्वार्थ शिक्षक ही दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है। यही शिक्षक की असली तपस्या है। वह प्रतिदिन अनेक जीवनों को स्पर्श करता है और उसे पता भी नहीं होता कि उसकी कही हुई कोई छोटी-सी बात किसी विद्यार्थी के जीवन की दिशा बदल सकती है। आज विश्व शिक्षक दिवस हमें केवल शिक्षकों को धन्यवाद देने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह आत्ममंथन का भी अवसर है कि हम शिक्षक को वह सम्मान, स्वतंत्रता और सहयोग दे रहे हैं या नहीं, जिसकी उसे आवश्यकता है। 1966 की अनुशंसा के छह दशक बाद भी यूनेस्को इस पेशे की स्थिति को पुनर्विचार का विषय बना रहा है, क्योंकि बदलती दुनिया ने शिक्षक के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

आज शिक्षक के हाथ में केवल चॉक और किताब नहीं, बल्कि आने वाली सभ्यता की दिशा है। वह तय कर सकता है कि एआई से समृद्ध होने वाली दुनिया अधिक मानवीय बनेगी या अधिक यांत्रिक; ज्ञान बढ़ने के साथ विवेक बढ़ेगा या नहीं; तकनीकी प्रगति के साथ करुणा और अहिंसा भी आगे बढ़ेंगी या नहीं। इसलिए 2026 की थीम-ह्लशिक्षकों के साथ खड़े रहनाह्व दरअसल भविष्य के साथ खड़े रहने का आह्वान है। शिक्षक को सशक्त करना नई पीढ़ी को सशक्त करना है। शिक्षक का सम्मान करना ज्ञान, संस्कार और मानवता का सम्मान करना है। और शिक्षक को उसकी गरिमा लौटाना उस नई सृष्टि की नींव मजबूत करना है, जिसमें विज्ञान के साथ संवेदना, बुद्धि के साथ विवेक, शक्ति के साथ करुणा और प्रगति के साथ शांति का सह-अस्तित्व हो। क्योंकि मशीनें भविष्य को तेज बना सकती हैं, लेकिन शिक्षक ही भविष्य को मानवीय बना सकते हैं।

## नीरजा भनोट से स्मित मच्छार तक, हिन्दुओं की शूरवीरता की कायल दुनिया



कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी को जहां आज पूरी दुनिया सलाम कर रही है वहीं इस घटना ने आज से लगभग चालीस साल पहले हुई इसी तरह की घटना की याद दिलवा दी है जब एक अन्य हिंदू विरांगना नीरजा भनोट ने अपनी जान दे कर जहाज में सवार कई दर्जन यात्रियों की जान बचाई थी। आज पूरी दुनिया हिन्दुओं की इसी बहादुरी व कर्तव्यपरायणता को सलाम कर रही है।

30 सितम्बर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड-1073 में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कॉकपिट के अंदर दोनों पायलटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना के दौरान भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद विमान अचानक तेजी से नीचे जाने लगा। विमान ने बेहद कम समय में हजारों फीट की ऊंचाई खो दी। स्थिति बिगड़ती देख यात्रियों और चालक दल के सदस्यों ने कॉकपिट तक पहुंचने की कोशिश की। घायल होने के बावजूद कैप्टन मच्छार ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने में मदद की, जिससे अंदर मौजूद हमलावर को काबू करने का रास्ता बना।

इसके बाद इजारायली यात्री यानिव हयून कॉकपिट के अंदर पहुंचे, हयून ने हमलावर को पीछे से पकडकर नियंत्रण से दूर किया और पायलट की सीट पर पहुंचकर विमान को संभालने में मदद की। इस तरह स्मित मच्छार ने जहाज में सवार 174 लोगों की जान बचाई, जिनमें अधिकतर इस्राइली नागरिक थे। विमान को क्रैश करने की कोशिश करने वाला को-पायलट ओमान का निवासी था।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत दुनिया भर के बड़े नेताओं ने इस हिन्दू सपूत की बहादुरी की प्रशंसा की है। नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित मच्छार के साहस को 'अविस्वसनीय' बताया। उन्होंने कहा कि घायल होने के बावजूद भारतीय पायलट ने जिस तरह स्थिति का सामना किया, उसने यात्रियों और चालक दल को हस्तक्षेप का मौका दिया। पीएम मोदी ने उन्हें 'हीरो' बताते हुए कहा कि उनके साहस ने सैकड़ों लोगों की जान बचाने और एक बड़ी त्रासदी को टालने में मदद की। डोनाल्ड ट्रंप ने भी घटना को लेकर कैप्टन मच्छार और यात्री यानिव हयून की तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद पायलट ने दरवाजा खोलकर अहम भूमिका निभाई। वैसे इस घटना का आधिकारिक कारण सामने नहीं आया है परंतु समझा जा रहा है कि अगर दुर्घटना हो जाती तो यह अमेरिका के ट्विन टावरों पर हुए आतंकी घटना का ही दूसरा रूप होती, संभव है इसके बाद इस्राईल की भी सैनिक प्रक्रिया होती और दुनिया में शांति व्यवस्था को नया खतरा पैदा हो जाता, जो पहले ही इरान-अमेरिका और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते संकट में चली आ रही है। स्मित मच्छार की बहादुरी ने न केवल पौने दो सौ लोगों का जीवन बचाया बल्कि दुनिया को भी एक बड़े संकट से बचा लिया।

30 सितम्बर को हुई इस घटना ने एक और हिन्दू विरांगना नीरजा भनोट का पुण्य स्मरण करवा दिया है जो इसी तरह की घटना में शहीद हुई थीं परंतु जीवन के अंतिम क्षण तक अपहृत जहाज के यात्रियों की सुरक्षा के लिए आतंकियों से लड़ती रहीं। उनकी बहादुरी को देख कर पाकिस्तान ने भी उन्हें तमगा-ए-इंसानियत पुरस्कार से सम्मानित किया। 5 सितंबर 1986 की सुबह कराची का जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पैन अमेरिकन वर्ल्ड की फ्लाइट 73 मुंबई से न्यूयॉर्क के सफर पर थी और कराची उसका एक पड़ाव था। विमान में करीब 360 यात्री और 19 क्रू सदस्य मौजूद थे। लेकिन अचानक विमान में चार हथियारबंद आतंकी घुस आए और उन्होंने फ्लाइट को हाईजैक कर लिया। उस समय विमान की सीनियर फ्लाइट पर्सर थीं 22 साल की नीरजा भनोट। हालात बेहद खतरनाक थे, लेकिन नीरजा ने घबराने के बजाय तुरंत समझ लिया कि यात्रियों को बचाने के लिए क्या करना जरूरी है। उन्होंने कॉकपिट तक हाईजैक का संकेत पहुंचाया। इसकी वजह से पायलट और दूसरे कॉकपिट क्रू सदस्य विमान से बाहर निकलने में कामयाब रहे जिससे विमान के उड़ान भरने की संभावना खत्म हो गई और आतंकवादी अंदर फंस गए यात्रियों पर नियंत्रण बनाए रखने की कोशिश करने लगे। आतंकवादियों की नजर अमेरिकी यात्रियों पर थी। नीरजा ने अमेरिकी यात्रियों के पासपोर्ट छिपाने शुरू कर दिए। पासपोर्ट कूड़ेदान में डाल दिए गए, ताकि आतंकवादियों को यह पता न चल सके कि विमान में कौन-कौन से अमेरिकी नागरिक मौजूद हैं। करीब 17 घंटे तक विमान जमीन पर खड़ा रहा। जब विमान की बिजली चली गई, तो स्थिति अचानक और ज्यादा खतरनाक हो गई। अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। अफरा-तफरी के बीच नीरजा ने इमरजेंसी गेट खोल दिया। उनके सामने मौका था कि वह खुद सबसे पहले विमान से बाहर निकल जाएं, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

उन्होंने यात्रियों को बाहर निकलने में मदद करना शुरू किया। नीरजा ने बच्चों समेत कई यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकलने में मदद की। इसी दौरान वह आतंकवादियों की गोली का निशाना बन गईं। तीन बच्चों को बचाने की कोशिश करते हुए उन्हें गोली मार दी गई। गंभीर रूप से घायल नीरजा को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। इस घटना में 20 लोगों की मौत हुई. हालांकि, नीरजा की सूझबूझ और साहस के कारण सैकड़ों यात्री सुरक्षित बच पाए।

नीरजा भनोट की बहादुरी को भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में सम्मान मिला. भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया। पाकिस्तान ने भी उनकी बहादुरी को मान्यता देते हुए उन्हें 'तमगा-ए-इंसानियत' से सम्मानित किया। अमेरिका में भी उनकी बहादुरी के लिए उन्हें कई सम्मान मिले। बाद के वर्षों में उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया गया और मुंबई में एक चौक का नाम भी उनके नाम पर रखा गया। आज स्मित मच्छार ने नीरजा भनोट की उसी बहादुरी की पुनः स्मृति करवा दी है और दुनिया हिन्दुओं की शूरवीरता व कर्तव्यपरायणता को सलाम कर रही है।

# हसनपुर में शिक्षक विधायक चुनाव को लेकर भाजपा की अहम बैठक, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर

**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** आगामी शिक्षक विधायक चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कमर कस ली है। इसी क्रम में रविवार को हसनपुर स्थित मैथिली गार्डन में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। खण्ड हसनपुर के बूथ हसनपुर के अंतर्गत आयोजित इस बैठक में भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बैठक में आगामी चुनाव की रणनीति, बूथ प्रबंधन और शिक्षक मतदाताओं तक संपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी ने कहा कि शिक्षक विधायक चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए प्रत्येक बूथ पर कार्यकताओं को सक्रिय रहना होगा। उन्होंने पदाधिकारियों से संवाद करते हुए संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श किया और चुनावी तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा शिक्षकों के हितों को प्राथमिकता दी है और शिक्षक वर्ग पार्टी की नीतियों से जुड़ा हुआ है। हमें घर-घर जाकर शिक्षकों से संपर्क करना है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक, हसनपुर चेयरमैन राजपाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु त्यागी, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश चौधरी, मण्डल अध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी, विधानसभा संयोजक सतेन्द्र त्यागी, प्रधानाचार्य महिपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सपा कार्यकताओं का प्रदर्शन

**अमरोहा (सब का सपना):-** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर रविवार को अमरोहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर केंद्रीय चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख गंगेश्वरी राजेंद्र सिंह खड़गवंशी के नेतृत्व में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यालय से बाजार होते हुए गांधी मूर्ति स्थल तक पैदल मार्च निकाला और विरोध स्वरूप पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को लेकर आवाज बुलंद की। वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी की विचारधारा संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और जनअधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। लोकतंत्र में जनता का विश्वास और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यकताओं ने कहा कि यह प्रदर्शन संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और जनता की आवाज को लोकतांत्रिक मंच पर उठाने का माध्यम है।

# हसनपुर पुलिस ने पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद की हसनपुर थाना पुलिस ने रविवार को पोक्सो एक्ट एवं बीएनएस की धाराओं में वांछित चल रहे एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ अपराध से संबंधित धाराओं में वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। बता दें कि पुलिस ने इस कार्यवाही को अमरोहा पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के द्वारा जनपद भर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में किया है पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम कैलाश उर्फ करन सिंह उम्र करीब 40 है जो गांव दयावली,थाना हसनपुर ,जनपद अमरोहा का निवासी है। इसके अलावा पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी हसनपुर थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 0597/2026 से जुड़ा था। उस पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 140(4) और 351(3) के साथ ही पॉक्सो एक्ट की धारा 5ङ/6 के तहत केस दर्ज है। पुलिस टीम ने तलाश के दौरान उसे पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और वांछित आरोपियों को पकड़ने के लिए यह अभियान जारी रहेगा।

# बछरायूं में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'हेल्दी बेबी शो' कार्यक्रम का आयोजन,अभिभावकों को किया गया जागरूक

**बछरायूं/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के धनौरा तहसील के बछरायूं कस्बे में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'हेल्दी बेबी कार्यक्रम' का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन वहां पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे धनौरा विधायक राजीव तरारा ने किया। कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित अभिभावकों को बच्चों के प्रति उनके स्वास्थ्य और उनके बेहतर पोषण के लिए जागरूक किया गया। बता दें कि बछरायूं कस्बे में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत जनपद अमरोहा के 50 शैय्या युक्त चिकित्सालय बछरायूं में शनिवार को हेल्दी बेबी शो कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धनौरा विधायक राजीव तरारा ने किया। इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, नियमित टीकाकरण और दंत स्वास्थ्य को लेकर अभिभावकों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम में बच्चों की उचित देखभाल, संतुलित आहार, साफ-सफाई और समय से टीकाकरण कराने के महत्व पर जोर दिया गया। अभिभावकों को बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और पौष्टिक आहार पर विशेष ध्यान देने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों के टीकाकरण कार्ड को अनिवार्य रखा गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चों में दांतों की समस्याओं और मुख की स्वच्छता को लेकर भी जागरूक किया।नियमित रूप से दांतों की सफाई करने और समस्या होने पर समय से उपचार कराने की सलाह दी गई। इस अवसर पर विधायक राजीव तरारा ने प्रतिभावान बच्चों एवं कार्यक्रम के प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों और अभिभावकों की सहभागिता से कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा।

# वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर सपा ने की पंचायत

**संभल (सब का सपना):-** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक चलाए जा रहे लोकतंत्र बचाओ सप्ताह एवं वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत चंदौसी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रायपुर कला में बैठक एवं चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा कटे हुए वोटों को दुरुस्त कराने को लेकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का मत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से अपने वोट की जांच करने तथा जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से कट गए हैं, उन्हें नियमानुसार दुरुस्त कराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले की सभी विधानसभाओं में जनता के बीच जाकर पीडीए पंचायत आयोजित की जाएगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र बचाओ सप्ताह एवं वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने और पुराने मतदाताओं के कटे हुए नामों को ठीक कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर भी पार्टी कार्यकताओं ने अपनी बात रखी।

जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने आरोप लगाया कि बंगाल से लेकर बिहार तक मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि यदि संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास है तो ईवीएम के स्थान पर वैध पेपर से मतदान कराया जाना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रपाल सिंह पाल ने की, जबकि संचालन उमेश चंद दिवाकर ने किया। बैठक को विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव, अशोक राणा एडवोकेट, शोभित कुमार काका सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर डॉ. होराम सिंह जाटव, ओमपाल, मुन्नालाल पाल, योगेंद्र पाल, कल्लू पाल, डॉ. चंद्रपाल, रमेश पाल, डालचंद पाल, जगतपाल, महेश पाल, बबलू दिवाकर, कृष्ण वीर दिवाकर, देवेंद्र पाल, रामगोपाल दिवाकर, बालकिशन दिवाकर, छत्रपति दिवाकर, रामवीर दिवाकर, सुरेश यादव, मुन्नालाल, रामबाबू सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# गजरौला हसनपुर मार्ग पर कार और टेंपों की टक्कर,2 महिला समेत 6 घायल

**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद की गजरौला हसनपुर मार्ग पर शनिवार की देर रात एक कार और टेंपो की जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें दो महिलाओं सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें से तीन की हालत गंभीर होते थे उन्हें बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग संभल जिले के एक गांव में मौत में शामिल होने के लिए गए थे जो वापस अपने घर लौट रहे थे। बता दें कि पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र की गजरौला-हसनपुर मार्ग का है जहां शनिवार की देर रात एक कार और टेंपो की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दो महिलाओं समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिसमें भीड़ में शामिल लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में रमजानी, जनाबुद्दीन, मुशाहिद, बुद्धुन, इकबाल और दो महिलाएं शामिल हैं। ये सभी गजरौला थाना क्षेत्र के शाहपुर उर्फ शहाबपुर गांव के रहने वाले हैं। सभी संभल के बाबई गांव में एक मौत में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे।जैसे ही उनका टेंपो गजरौला-हसनपुर मार्ग पर पहुंचा, सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया।गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद रेफर किया गया है।गजरौला थाना प्रभारी पंकज तोमर ने बताया कि पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार को हिरासत में लिया है और मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# रात के सन्नाटे में पशु चोरी, घर के पास से खोलकर ले गया अज्ञात चोर



**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** जनपद के थाना बहजोई क्षेत्र में पशु चोरी का मामला सामने आया है। गल्ला मंडी के पीछे रहने वाले आबिद अली पुत्र जाहिद अली ने थाना बहजोई में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ करीब ढाई वर्ष के कटरे को चोरी कर ले जाने की शिकायत की है। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार आबिद अली का घर गल्ला मंडी के पीछे स्थित है। उनके घर के बराबर में एक पिलोट है, जहां वह अपने कटरे के साथ सो रहे थे। बताया गया कि 2 अक्टूबर की रात करीब 3:30 बजे वह कुछ समय के लिए शौचालय चले गए। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति उनके करीब ढाई वर्ष के कटरे को खोलकर वहां से ले गया। शौचालय से वापस लौटने पर जब आबिद अली ने कटरे को वहां नहीं देखा तो उन्होंने आसपास तथा संभावित स्थानों पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। काफी प्रयास के बाद भी कटरा नहीं मिलने पर पीड़ित ने रविवार को थाना बहजोई पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित ने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश करने तथा चोरी हुए कटरे को बरामद कराने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग किसान की मौत

**रहरा/अमरोहा (सब का सपना):-** खेत पर जा रहे बुजुर्ग किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम निवासी 60 वर्षीय किसान भूपसिंह रविवार की सुबह अपने खेत पर जाने के लिए घर से निकले थे। गांव के पास सड़क पर पहुंचते ही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि भूपसिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। परिजन आनन-फानन में घायल भूपसिंह को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक ने अपने पीछे पत्नी जगवती और तीन बेटों को छोड़ा है। मृतक की पत्नी जगवती ने थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी अमित कुमार तोमर ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# आवारा कुत्ते से टकराकर बाइक सवार दुग्ध विक्रेता घायल

**मंडावली/बिजनौर (सब का सपना):-** मंडावली क्षेत्र के ग्राम मिजार्पुर सैद (भुड्डी) के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। बाकरपुर निवासी 50 वर्षीय सत्तार रोजाना की तरह अपनी बाइक से नजीबाबाद दूध बेचने जा रहे थे। भुड्डी गांव के पास अचानक बाइक के सामने आवारा कुत्ता आने से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में सत्तार के हाथ-पैर और घुटनों में गंभीर चोटें आईं, वहीं बाइक पर रखा सारा दूध सड़क पर बह गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को संभाला और नजदीकी निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया। क्षेत्र में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। आए दिन हो रहे हादसों से चिंतित ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आवारा कुत्तों को पकड़वाने और इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# डिडौली क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो से ब्लैकमेलिंग का मामला,केस दर्ज,जांच शुरू

**डिडौली/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के डिडौली कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने एवं उसकी अश्लील फोटो से ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। इस मामले में थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। बता दें कि इस मामले में की गई शिकायत के मुताबिक करीब 16 साल की नाबालिग लड़की जोया स्थित एक ज्वैलरी की दुकान पर काम करती थी।आरोपी प्रदीप कुमार ने प्रचार ग्रुप से उसका नंबर लिया और लगातार फोन करने लगा। 3 अक्टूबर की सुबह प्रदीप ने उसे एक फास्ट फूड की दुकान पर बुलाया। वहां उसने पानी दिया, जिससे लड़की की तबीयत बिगड़ी। प्रदीप उसे फास्ट फूड की दुकान के ऊपर कमरे में ले गया और दुष्कर्म किया।विरोध पर मुंह में कपड़ा ठूंसकर अश्लील फोटो खींची और वायरल करने की धमकी देकर डराया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि फोरेंसिक टीम सबूत जुटा रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पीड़िता का परिवार अनुसूचित समाज से है।

# वाल्मीकि समाज की समस्याओं को लेकर लखनऊ पहुंचे भाजपा नेता सचिन वाल्मीकि, मंत्रियों को सौंपे मांग पत्र

**नगीना (सब का सपना):-** भाजपा नेता सचिन वाल्मीकि के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ पहुंचकर भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी, नवनियुक्त प्रदेश मंत्री डॉ. राहुल वाल्मीकि तथा एससी-एसटी समाज कल्याण राज्य मंत्री से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी को उनके कार्यालय में पटका पहनाकर और डायरी भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद भाजपा कार्यालय में प्रदेश मंत्री डॉ. राहुल वाल्मीकि से मुलाकात कर वाल्मीकि समाज की समस्याओं से अवगत कराया और अलग-अलग मांग पत्र सौंपे।भाजपा

नेता सचिन वाल्मीकि ने कहा कि वाल्मीकि समाज विषम परिस्थितियों में भी भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। समाज को केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिलना चाहिए। मांग पत्र में सफाई कर्मचारियों को नियमित करने, नगर पालिकाओं में रिक्त पड़े सफाई कर्मचारियों के पदों पर भर्ती करने और उचित वेतन व रोजगार देने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सरकारी विभागों, बैंकों, परिषदीय विद्यालयों, थानों, विद्युत, सिंचाई, नलकूप, रेलवे और परिवहन निगम में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी स्थायी, संविदा या आउटसोर्सिंग पर कार्यरत हैं और कई वर्षों से बेहद कम मानदेय पर काम करने को मजबूर हैं।

साथ ही वाल्मीकि समाज की महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाने की मांग भी की गई।

# मातृत्व एवं बालिका मदद योजना से 2194 श्रमिक लाभान्वित

**बहजोई /संभल (सब का सपना):-** प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल के अनुसार मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत जनपद में अब तक 2194 श्रमिक लाभान्वित किए जा चुके हैं।सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल ने बताया कि योजना के अंतर्गत पंजीकृत पुरुष कामगार को मातृत्व हितलाभ के रूप में 6 हजार एकमुश्त दिए जाने का प्रावधान है। पंजीकृत महिला कर्मकार को संस्थागत प्रसव की स्थिति में तीन माह के न्यूनतम वेतन के समतुल्य धनराशि तथा एक हजार चिकित्सा बोनस दिया जाता है। उन्होंने बताया कि शिशु पुत्र होने पर 26 हजार तथा

शिशु पुत्री होने पर 31 हजार प्रति शिशु की दर से एकमुश्त सहायता देय है। परिवार में पहली संतान बालिका होने अथवा दूसरी संतान भी बालिका होने की स्थिति में 25 हजार की सावधि जमा का प्रावधान है। जन्म से दिव्यांग बालिका की स्थिति में 5 हजार की सावधि जमा का प्रावधान है। निर्धारित शर्तों के अनुसार सावधि जमा की परिपक्वता राशि बालिका के 18 वर्ष की आयु तक अविवाहित रहने पर देय होगी। सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न निर्माण संबंधी कार्यों को भी शामिल किया गया है। इनमें बिल्डिंग एवं सड़क निर्माण पुलिया निर्माण नाली निर्माण राजमिस्त्री कार्य पेंटिंग टाइल्स लगाने सुरंग निर्माण कुएं से गाद निकालने तालाब एवं पार्क निर्माण मिट्टी बालू मौरंग के खनन ईंट भट्ठों पर ईंट निर्माण विद्युत संबंधी कार्य मशीनरी की स्थापना एवं मरम्मत सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मनरेगा श्रमिकों एवं विद्युत विभाग के लाइनमैन को भी शामिल किया गया है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के प्रत्येक पात्र निर्माण श्रमिक एवं उनके परिवार तक श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र श्रमिकों का पंजीकरण सुनिश्चित कराने के साथ योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि कोई भी पात्र श्रमिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। साथ ही लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

# बहजोई में चोरी का चार घंटे में खुलासा, 18 लाख के जेवर बरामद

### *घर में चोरी की साजिश रचने के आरोप में महिला गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद किए 23 जेवरात*

**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** जनपद के थाना बहजोई क्षेत्र के मोहल्ला टंकी अल्वी नगर में रविवार तड़के हुई लाखों रुपये के जेवरात की चोरी का पुलिस ने महज चार घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी के आरोप में पीड़ित की पत्नी महक पत्नी इरशाद अली को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से करीब 18 लाख रुपये कीमत के 19 पीली धातु तथा चार सफेद धातु के जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार चोरी हुआ समस्त माल बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता में बताया कि थाना बहजोई पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए घटना का त्वरित अनावरण किया। रविवार सुबह करीब छह बजे इरशाद अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी मोहल्ला टंकी ने डायल-112 पर सूचना दी थी कि अज्ञात व्यक्ति रात में उसके घर में

घुसकर परिवार के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। सूचना मिलते ही थाना बहजोई पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ बहजोई और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर थाना बहजोई में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के शीघ्र खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक ने सर्विलांस टीम सहित पुलिस की कई टीमें गठित कीं। टीमों ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और परिवार के सदस्यों से अलग-अलग पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पीड़ित की पत्नी महक के जवाब पुलिस को संतोषजनक नहीं लगे। इसके बाद पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की, जिस पर उसने चोरी की बात स्वीकार करने की जानकारी पुलिस ने दी। पूछताछ में महिला ने पुलिस को बताया कि उसके देवर की करीब छह माह पहले शादी हुई थी। उसके अनुसार ससुराल वालों ने उसके ऊपर चढ़ाए गए जेवर उसकी देवरानी को पहना दिए थे। महिला का आरोप है कि जेवर वापस मांगने के बावजूद उसे वापस नहीं मिले। पुलिस के मुताबिक महिला ने शनिवार रात जेवरात चोरी करने की योजना बनाई और अपने देवर शरताज के कमरे से सोने-चांदी के जेवरात निकालकर अपने कमरे में दरवाजे के पीछे कपड़ों के हैंगर पर काली पन्नी में छिपा दिए थे। महिला की निशानदेही पर पुलिस ने घर से चोरी किए गए जेवरात बरामद कर लिए। बरामद माल में लोंग, हार, कंगन, सोने के झाले, अंगूठियां, चैन, नथ, टीके तथा चांदी का हथफूल, तोड़ा और चांदी की चेन शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# ईएमटी की तत्परता से समय पर मिला उपचार, जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**हजरतनगर गढ़ी/संभल(सब का सपना):-** जनपद के सिरसी थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र में रविवार को एक करीब 35 वर्षीय व्यक्ति सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि व्यक्ति बाइक से जा रहा था, इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में उसके पैर में गहरा घाव हो गया, जिससे काफी रक्तस्राव हो रहा था। इसके अलावा कोहनी में भी चोट आई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही 102 एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। एंबुलेंस के ईएमटी प्रमोद ने

बिना समय गंवाए घायल का प्राथमिक उपचार शुरू किया। उन्होंने सबसे पहले रक्तस्राव को नियंत्रित किया और घाव की उचित ड्रेसिंग व बैंडेज की। इसके साथ ही घायल को ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया तथा ईआरसीपी डॉक्टर की सहायता से आवश्यक प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। घायल के वाइटल्स की लगातार निगरानी करते हुए उसे सुरक्षित तरीके से जिला अस्पताल संभल पहुंचाकर भर्ती कराया गया। समय पर मिले प्राथमिक उपचार से घायल की हालत को संभालने में काफी मदद मिली। ईएमटी प्रमोद ने दुर्घटना के दौरान तत्परता, सूझबूझ और बेहतर पेशेंट केयर का परिचय देते हुए समय पर जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार प्रदान किया। उनके इस कार्य ने घायल की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईएमटी प्रमोद की तत्परता और मानवीय सेवा की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# लखनऊ में चौपट चौराहे : संजय गांधी पीजीआई पहुंचने से पहले दर्द बढ़ा रहा तेलीबाग चौराहा का जाम

**लखनऊ :** प्रदेश भर से गंभीर रोगों का उपचार कराने के लिए संजय गांधी पीजीआई जाने वाले रोगियों का दर्द तेलीबाग चौराहे पर लगने वाला जाम बढ़ा देता है ĸवीआईपी रोड होकर तेलीबाग चौराहे से रायबरेली रोड की ओर जाने वाली बसों के बीच रास्ते खड़े होने का असर चारों दिशाओं के यातायात पर पड़ता है। उनके पीछे एंबुलेंस सहित कई वाहन फंस जाते हैं। अवैध आटो, ई-रिक्शा और टेंपो स्टैंड, सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन और फुटपाथ पर अतिक्रमण,चौराहे पर मजदूरों की मंडी और नशेड़ियों का अड्डा, जाम की सबसे बड़ी वजह बने हुए हैं। सात मार्गों को जोड़ने वाले इस चौराहे पर सुबह से देर शाम तक वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं। तेलीबाग से पीजीआई, वृंदावन, एल्डिको, साउथ सिटी और मोहनलालगंज की ओर जाने वाले लोगों को रोजाना जाम से जूझना पड़ता है यही हाल दूसरी तरफ से आने वालो का भी है। राहगीर रजत, राम कुमार, रिक्की

और रेखा बताते हैं कि तेलीबाग से पीजीआई पहुंचने में सामान्य स्थिति में 25 से 30 मिनट लग जाते हैं। जाम अधिक होने पर इससे भी ज्यादा समय लगता है। तेलीबाग होकर शहीद पथ के रास्ते एयरपोर्ट जाने वाले लोग भी यहां फंसकर परेशान होते हैं।चौराहे की एक सड़क पर सप्ताह में दो दिन सब्जी मंडी लगती है। फुटपाथ पर दुकानदारों और पटरी दुकानदारों का कब्जा है। जाम के मुख्य कारण सातों मार्गों पर खुलेआम ई रिक्शा ऑटो टेंपो अवैध रूप से स्टैंड बनाकर सवारी का इंतजार करते हैं। बैरिकेडिंग से बना लेफ्ट टर्न से लोग उल्टी दिशा से भी लोग आते जाते हैं। फुटपाथ पर अवैध दुकानें, सड़कों पर पार्किंग। यातायात पुलिस कर्मियों की कमी के चलते जाम। जाम दूर करने के उपाय चौराहे से पहले ई-रिक्शा के लिए निर्धारित पिकअप-ड्राप प्वाइंट बनाए जाएं। सड़क के बीच सवारी बैठाने पर तत्काल कार्रवाई हो। रोडवेज बसों के लिए चौराहे से दूर निर्धारित स्टाप बनाया जाएं। लेन बदलकर चलने और गलत लेन में खड़े होने वालों का नियमित चालान हो अतिक्रमण हटाकर तीनों लेन को पूरी तरह यातायात के लिए खोला जाए। व्यस्त समय में अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और सीसीटीवी से निगरानी हो। क्या कहते हैं जिम्मेदार स्टाफ की कमी के कारण निगरानी प्रभावित : एसीपी यातायात राधा रमन सिंह ने बताया कि यहां यातायात दो सिपाही व एक टीएसआई ही रहते हैं। इस चौराहे पर सात मार्ग जुड़ते हैं। ऑटो और ई रिक्शा टेंपो के चालान भी होते हैं, लेकिन उसके बावजूद भी स्टाफ की कमी के चलते यह सब ऑटो ई-रिक्शा खड़े हो जाते हैं। कई बार अभियान चलाया गया है। अगर स्थानीय पुलिस भी इस मामले में आगे आए तो कुछ सुधार होगा। एक बार फिर से चलाया जाएगा अभियान : जोनल अधिकारी जोन आठ नगर निगम आशीष सिंह ने बताया कि जो भी लोग चौराहे के आसपास फुटपाथों पर अवैध कब्जा करें हैं या अवैध दुकान चला रहे हैं उसके खिलाफ फिर से एक बार अभियान चलाया जाएगा।

# हापुड़ में नकली उर्वरक बनाने की फैक्ट्री पर छापा, 90 बोरी नकली पोटाश बरामद

**हापुड़ (सब का सपना) बाबर अली:-** जिलाधिकारी के निर्देशन में बीती रात जनपद में नकली उर्वरक बनाने के ठिकाने पर बड़ी छापेमारी की गई। प्रशासन को सूचना मिली थी कि एक फैक्ट्रीनुमा परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना के नाम से नकली उर्वरक तैयार किया जा रहा है। मौके पर छापा मारने पर Bharat MOP - Indian PotÔsh Limited के नकली पोटाश से भरे और सिले हुए 90 बैग (50 किलो प्रत्येक) बरामद हुए। साथ ही इसी ब्रांड के लगभग 50 नए खाली बैग भी मिले। परिसर से सफेद क्रिस्टल पाउडर से भरे लगभग 20 बैग (50 किलो प्रत्येक), रंग वाले गेरू के दो बैग, मिक्सचर-ग्राइंडर मशीन, वजन तौलने की दो मशीनें, बोरियों को सिलने वाली मशीन, 2-2 लीटर नीले रंग के तीन डिब्बे और चाकू आदि बरामद हुए। मिक्सचर ग्राइंडर मशीन में और उसके नीचे पोटाश जैसा दिखने वाला गुलाबी रंग का क्रिस्टल पाउडर पड़ा था, जिसे Indian Potash Limited Bharat MOP के नकली पैकेटों में भरा जा रहा था। इसके अलावा करनाल, हरियाणा की एक बीज कंपनी के पैकेटों में गहरे भूरे रंग की दानेदार सामग्री भरी मिली जो देखने में डीएपी (Di Ammonium Phosphate) जैसी थी (20 किलो प्रत्येक)। आशंका है कि नकली डीएपी बनाकर आपूर्ति करने की तैयारी थी। गौरतलब है कि अक्टूबर-नवंबर माह में किसानों को पोटाश और डीएपी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। जांच में स्पष्ट हुआ कि इस परिसर में सब्सिडी वाले उर्वरकों की नकली पैकिंग कर बाजार में आपूर्ति करने की तैयारी चल रही थी। मौके से मिले नकली एमओपी, डीएपी जैसी सामग्री और सफेद क्रिस्टल पाउडर के नमूने लेकर राजकीय प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं। यह पूरा कारोबार Copyright Act 1957 EUa Trademark Act 1999 का उल्लंघन है। नकली/मिलावटी उर्वरक का निर्माण और बिक्री FCO 1985 और Essential Commodities Act 1955 के तहत अपराध है। मौके पर मजिस्ट्रेट/नायब तहसीलदार, चौकी इंचार्ज थाना नगर कोतवाली एवं कृषि विभाग की टीम ने अवैध परिसर को सील कर दिया है। इसमें शामिल लोगों के विरुद्ध Essential Commodities Act 1955 व अन्य नियमों के तहत FIR दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जा रहा है और मिलावटी उर्वरक का अवैध व्यापार करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# यूपी में जिलेवार तय होगा युवाओं का हुनर, अब हर जिले में स्थानीय मांग के हिसाब से मिलेगा रोजगार

**लखनऊ।** प्रदेश में अब युवाओं को रोजगार के लिए सिर्फ प्रशिक्षण नहीं, बल्कि स्थानीय मांग के मुताबिक हुनर दिया जाएगा। किस जिले में किस क्षेत्र में रोजगार की सबसे अधिक संभावनाएं हैं, इसका खाका उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने तैयार किया है। जिलेवार चिह्नित रोजगार क्षेत्रों के आधार पर प्रशिक्षण संस्थानों को पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण की प्राथमिकता तय करने में मदद मिलेगी। साथ ही स्थानीय कंपनियों और उद्योगों से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर जोर है। जिलों के रोजगार मैपिंग में कृषि, स्वास्थ्य, खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटोमोबाइल, पर्यटन एवं आतिथ्य, आईटी-आइटीईएस, निर्माण, खुदरा, हरित रोजगार, हस्तशिल्प और वस्त्र समेत कई क्षेत्र शामिल किए गए हैं। इससे जिले की अर्थव्यवस्था और वहां उपलब्ध रोजगार के अवसरों के अनुरूप युवाओं को तैयार किया जा सकेगा। जैसे कुशीनगर में कृषि एवं कृषि प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य, पर्यटन एवं आतिथ्य, परिधान एवं घरेलू साज-सज्जा और खाद्य प्रसंस्करण को प्रमुख क्षेत्र माना गया है। गोरखपुर में इलेक्ट्रानिक्स,

स्वास्थ्य, लाजिस्टिक्स, पर्यटन एवं आतिथ्य और परिधान, जबकि महाराजगंज में कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन, फर्नीचर और खुदरा क्षेत्र चिह्नित हैं। लखनऊ में एयरोस्पेस एवं एविएशन, कृषि एवं प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग-वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य, आइटी-आइटीईएस, लाइफ साइंसेज, खाद्य प्रसंस्करण, फर्नीचर, बिजली, खुदरा और ब्यूटी एवं वेलनेस प्रमुख क्षेत्र हैं। आगरा में चमड़ा, स्वास्थ्य, इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान, हस्तशिल्प, रत्न एवं आभूषण, पर्यटन, ऑटोमोबाइल और खाद्य प्रसंस्करण को अवसर वाला क्षेत्र माना गया है। भदोही में कालीन व हस्तशिल्प, मुरादाबाद में हस्तशिल्प, फर्नीचर व लाजिस्टिक्स, कानपुर नगर में स्वास्थ्य, हरित रोजगार, रबर-रसायन व विनिर्माण तथा नोएडा में इलेक्ट्रानिक्स, स्वास्थ्य, आईटी-आईटीईएस, मीडिया और खुदरा क्षेत्र पर फोकस रहेगा। व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल का कहना है कि इससे युवाओं को प्रशिक्षण के बाद अपने जिले या आसपास ही रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी। इसलिए आईटीआई और प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से युवाओं के कौशल बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में कौशल विकास मिशन की स्थिति प्रशिक्षण केंद्र- 10787 ट्रेनिंग पार्टनर- 1034 सक्रिय कोर्स- 528 प्रशिक्षण के लिए उम्र सीमा- 14 से 35 वर्ष निश्शुल्क

# हरिद्वार रोड स्थित अग्रवाल सैनिटरी स्टोर में चोरी, व्यापारियों में आक्रोश, जल्द खुलासे की मांग

**नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):-** हरिद्वार रोड स्थित प्रसिद्ध 'अग्रवाल सैनिटरी स्टोर' में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर व्यापारिक प्रतिष्ठान को निशाना बनाया। सुबह घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही व्यापारिक प्रतिनिधियों की टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर पीड़ित व्यापारी से मुलाकात की और घटना स्थल का जायजा लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं रामपुर चौकी इंचार्ज अवधेश शर्मा को दूरभाष के माध्यम से पूरे मामले से अवगत कराया गया। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर इस चोरी का जल्द से जल्द पदार्फाश किया जाए। साथ ही दोषियों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया माल बरामद किया जाए। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# पिता की जमीन पति के नाम कराने का दबाव, पति व ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज

**नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):-** थाना नजीबाबाद क्षेत्र के मोहल्ला राईयान (जलालाबाद) निवासी जीनत परवीन ने अपने पति मोहम्मद सलमान और ससुराल पक्ष के चार अन्य सदस्यों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि ढाई वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाजों से हुए विवाह में परिजनों ने सामर्थ्य अनुसार 5 तोला सोना और 3 लाख रुपये नकद दिए थे। इसके बावजूद सास जरीना बेगम, ननद शन्नो व शमीमा और ममेरा देवर अजमल कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि पति व ससुराल जन पीड़िता के पिता की जमीन पति के नाम कराने का दबाव बना रहे थे और बात न मानने पर मारपीट कर तलाक देकर घर से निकालने की धमकियां दी गईं। पीड़िता को प्रताड़ित कर करीब सात माह पहले एक वर्षीय बच्चे सहित घर से निकाल दिया गया था। पीड़िता की तहरीर पर नजीबाबाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 85, 115(2), 351(2), 352 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर पालिका परिसर में बहुउद्देशीय कैंप का किया गया आयोजन

**नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):-** सेवा संकल्प एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के अंतर्गत शनिवार को नगर पालिका परिषद नहटौर के कार्यालय परिसर में बहुउद्देशीय कैंप का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कैंप में नगर क्षेत्र के नागरिकों को विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण एवं आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। कैंप में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर, सेवा मित्र से संबंधित जानकारी, बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए रोजगार मेले एवं पंजीकरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना

तथा आयुष्मान कार्ड योजना से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा पशुपालन विभाग, रसद एवं खाद्य विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा विभिन्न ऋण एवं लोन योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। कैंप में पहुंचे नागरिकों को उनकी पात्रता के अनुसार संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई योजनाओं और सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराकर अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को उनका लाभ दिलाना है। कैंप के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ योजनाओं का लाभ लेने में आने वाली समस्याओं के समाधान का प्रयास भी किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक विशेष कुमार उपाध्याय, लिपिक रमेश चंद शर्मा ,लिपिक अतुल राज सिंह, शाहजेव आलम ,सलीम अहमद, कपिल शर्मा ,तमकीन अहमद, गजेंद्र सिंह ,हर्ष जैन ,गौरव त्यागी , रशीद अहमद, सहदेव सिंह, दीपांकर ,फारमान ,मनोज कुमार, देवराज ,नरेंद्र चैनवाल, विशाल वर्मा ,आशीष सहित मौजूद रहे।

# मकान का जर्जर जीना गिरा, बुलैट वाईक क्षतिग्रस्त

**नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):-** क्षेत्र के गांव सदरूद्दीन नगर में मकान का जीना जर्जर हालत में भर भराकर गिर गया। लेकिन गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। प्राप्त समाचार के अनुसार गांव सदरूद्दीन निवासी फुरकान अहमद पुत्र अब्दुल रऊफ के मकान का पुराना और जर्जर जीना अचानक भर भराकर गिर पड़ा। हादसे के वक्त जीने के नीचे पड़ोस में रहने वाले वसीम शेख पुत्र अब्दुल हनीफ की

रॉयल ईनफील्ड (बुलेट) बाइक खड़ी थी, जो मलबे में दबकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना से वसीम शेख का आर्थिक नुकसान हुआ है। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और मलबा हटाया। बताया जाता है कि उक्त मकान में किराए दार भी रहता है।

गनीमत रही कि जीना गिरने के दौरान आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था और जनहानि भी हो सकती थी। घटना के बाद बड़ा हादसा न होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# बढ़ापुर-19 से चुनावी मैदान में उतरेंगी तान्या नागपाल, अफजलगढ़ में खोला कार्यालय

### कार्यालय उद्घाटन के साथ समर्थकों ने किया स्वागत, क्षेत्र के विकास और समस्याओं को लेकर चुनाव लड़ने की कही बात

**अफजलगढ़/बिजनौर (सब का सपना):-** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बढ़ापुर-19 विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। शुक्रवार को मेघपुर-काशीपुर मार्ग स्थित मोहल्ला बेगमसराय में वेदांश अस्पताल के निकट समाजसेविका तान्या नागपाल ने अपने चुनावी कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उनके समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यालय शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से समर्थक और गणमान्य लोग पहुंचे।तान्या नागपाल ने आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़ापुर-19 विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से विभिन्न समस्याओं का सामना कर रही है। सड़क, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर उन्होंने क्षेत्र में काम करने की बात कही।उन्होंने कहा कि बढ़ापुर-

19 विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों के मामले में पिछड़ा हुआ है। क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क, स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में जनता के बीच जाकर क्षेत्र की समस्याओं और विकास के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। वही कार्यालय उद्घाटन के बाद तान्या नागपाल ने जुमे की नमाज के पश्चात अफजलगढ़ बस स्टैंड स्थित एक मस्जिद के बाहर नमाजियों को जानमाज, टोपी सहित अन्य सामग्री वितरित की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वही कार्यक्रम में मौजूद समर्थकों ने तान्या नागपाल के चुनाव लड़ने का स्वागत करते हुए कहा कि वे उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। समर्थकों ने कहा कि क्षेत्र की जनता इस बार विकास के मुद्दों को लेकर मतदान करेगी। हालांकि, चुनाव में जनता का अंतिम निर्णय मतदान के माध्यम से ही होगा। वही तान्या नागपाल ने कहा कि उनके पिता हरीश नागपाल को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने सांसद बनाकर दिल्ली भेजा था। उन्होंने बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में उन्हें अपना समर्थन दें। उन्होंने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए काम करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि कार्यालय के माध्यम से क्षेत्र की जनता से लगातार संपर्क किया जाएगा तथा लोगों की समस्याओं को सुनकर उन्हें संबंधित स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे सभी समर्थकों और गणमान्य लोगों का उन्होंने आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद यामीन ने तथा संचालन सुरेंद्र सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर कामरेड फारूख हानी, समाजसेविका आरशी बंसल,शेख फराहीम तुर्क, सर्वेश सैनी, शहजाद चौधरी, हाजी इदरीस, मोहम्मद जाहिद सैफी, फारुख अंसारी,नईम अहमद, मोहम्मद हनीफ,फारूख अंसारी,फुर्ती बाबू चौहान समेत अफजलगढ़ क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग और समर्थक मौजूद रहे।

# बिजनौर पुलिस ने शुरू किया विशेष चेकिंग अभियान, बिना हेलमेट व फोन पर बात करने वालों के कटेंगे चालान

**नगीना/बिजनौर (सब का सपना):-** सड़क हादसों में असमय बुझते घरों के चिरागों को बचाने के लिए बिजनौर पुलिस ने एक संवेदनशीलता और सख्ती से भरी विशेष पहल शुरू की है। जनपद में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और उनमें हो रही मौतों को पुलिस अधीक्षक के.के. विश्नोई ने बेहद गंभीरता से लिया है। हादसों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से रविवार से पूरे जिले में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों और गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात करने वालों के खिलाफ व्यापक चेकिंग व चालान अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि कार्रवाई से पहले पुलिस ने इंसानियत और संवेदनशीलता की मिसाल पेश की। पिछले 4-5 दिनों से जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चालकों को बिना चालान काटे प्यार से समझाया गया। चालकों और उनके पीछे बैठी सवारियों दोनों को हेलमेट




पहनने व गाड़ी चलाते वक्त फोन का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया गया। अब जागरूकता अवधि समाप्त होने के बाद रविवार से सख्त वैधानिक कार्रवाई शुरू की जा रही है। एसपी के.के. विश्नोई ने पुलिस महकमे को स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी है कि नियम पालन कराने में कोई पक्षपात न हो। फिर चाहे बिना हेलमेट वाहन चलाने वाला कोई खाकीधारी (पुलिसकर्मी) हो, खादीधारी (नेता), पत्रकार हो या किसी बड़ी पहुंच वाला व्यक्ति–कानून सबके लिए एक समान लागू होगा और बिना किसी रियायत के चालान काटा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने अभियान की भावना को स्पष्ट करते हुए कहा कि पुलिस का मकसद चालान काटकर जनता को परेशान करना या राजस्व बढ़ाना बिल्कुल नहीं है। हमारा एकमात्र उद्देश्य लोगों की कीमती जान बचाना है, ताकि किसी मां का लाल या घर का चिराग सड़क हादसे में न बुझे। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि वे अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यात्रा के दौरान हेलमेट का प्रयोग करें और यातायात नियमों का पालन कर इस सुरक्षा अभियान में पुलिस का सहयोग करें।

# विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर में एक दिवसीय विभागीय संस्कृति महोत्सव का किया आयोजन

**नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):-** रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर, नहटौर में एक दिवसीय विभागीय संस्कृति महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव में जनपद बिजनौर के 11 सरस्वती शिशु मंदिरों के 135 भैया-बहिनों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें भैया-बहिनों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार विद्यालय परिसर में आयोजित विभागीय सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं श्याम नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दुष्यंत त्यागी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर लोकनृत्य, प्रश्नमंच, वंदे मातरम् गीत, कथा-कथन, चित्रकला, मूर्तिकला एवं रामचरितमानस चौपाई आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों से आए भैया-बहिनों ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ प्रतिभाग करते

हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य दुष्यंत त्यागी जी ने कहा कि वर्तमान में देश एवं प्रदेश में संचालित विद्या भारती के विद्यालयों में आज भी भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों की झलक देखने को मिलती है। यहां शिक्षा के साथ-साथ भैया-बहिनों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में निपुण बनाने का कार्य किया जा रहा है। विद्या भारती के विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त करने वाले भैया-बहिन अपने-अपने क्षेत्रों में सहभागिता करते हुए अपने परिवार, जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बहिनें भी प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने भैया-बहिनों का आह्वान करते हुए कहा कि वे जिस भी क्षेत्र में जाएं, वहां निष्ठा, लगन एवं परिश्रम के साथ कार्य करते हुए अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करें और अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन करें। प्रतियोगिताओं में भैया-बहिनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निम्न स्थान प्राप्त किये बाल वर्ग में प्रश्नमंच प्रतियोगिता में नहटौर प्रथम, बिजनौर द्वितीय तथा धामपुर तृतीय स्थान पर रहे। लोकनृत्य में धामपुर प्रथम एवं नहटौर द्वितीय रहा। वंदे मातरम् गीत प्रतियोगिता में धामपुर प्रथम, नहटौर द्वितीय तथा बिजनौर जाटान तृतीय स्थान पर रहे। कथा-कथन में धामपुर प्रथम रहा। मूर्तिकला में नहटौर प्रथम एवं धामपुर द्वितीय स्थान पर रहे। रामचरितमानस चौपाई में धामपुर प्रथम, नहटौर द्वितीय एवं बिजनौर तृतीय स्थान पर रहे। कला प्रतियोगिता में स्योहारा प्रथम, नहटौर द्वितीय एवं बिजनौर तृतीय स्थान पर रहे। शिशु वर्ग में प्रश्नमंच प्रतियोगिता में चांदपुर प्रथम, नहटौर द्वितीय तथा नूरपुर एवं बिजनौर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। लोकनृत्य में नहटौर प्रथम रहा। वंदे मातरम् गीत में जैतरा प्रथम, नूरपुर द्वितीय एवं नजीबाबाद तृतीय स्थान पर रहे। कथा-कथन में नगीना प्रथम रहा। कला प्रतियोगिता में नूरपुर प्रथम, हल्दौर द्वितीय एवं चांदपुर तृतीय स्थान पर रहे। रामचरितमानस चौपाई में हल्दौर प्रथम एवं नहटौर द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर के भैया-बहिनों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, विनिल, राजेश त्यागी,कपिल शर्मा, डॉ. ए.के. दक्ष, प्रमोद त्यागी, मूलचंद त्यागी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं आचार्यगण उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने की तथा संचालन अरुण कुमार ने किया।

# सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन की गई गोवर्धन पूजा

**नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):-** सनातन धर्म प्रचार समिति की ओर से चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन अतुल वर्मा, पूनम वर्मा, रतन सैनी, गुड्डी सैनी को यजमान बनाया गया। नहटौर में सनातन धर्म प्रचार समिति की ओर से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन अतुल वर्मा , पूनम वर्मा, रतन सैनी गुड्डी सैनी को यजमान बनाया गया। जिसकी पूजा अर्चना गुरु मलंग दास, आचार्य पंडित रवि शर्मा व सहयोगी पंडित अशोक शर्मा, एवं पंडित सुबोध भारद्वाज के कर कमलों द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। कथा प्रारंभ होने से पहले यजमानों ने कथावाचक सुदामा दास का तिलक किया। सभी यजमानों ने गोवर्धन की पूजा और परिक्रमा की अंत में आरती के बाद 56 भोग और प्रसाद का वितरण यजमानों के द्वारा किया गया। साथ में मुख्य यजमान सभासद व समाज सेवी मुकेश गुप्ता, पायल गुप्ता, पल्लव अग्रवाल,आशी अग्रवाल, कृषा अग्रवाल, फूलवती देवी, डॉ एके दक्ष, डॉ मनीषा दक्ष, प्रवेश अग्रवाल, प्रेरणा अग्रवाल, पवन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, निशा अग्रवाल, संजोग अग्रवाल, रमन गोयल, अंजु गोयल, निश्चय त्यागी, सुशांत गोयल आदि मौजूद रहे।

## नगीना में शिकायत वापस लेने के लिए घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**नगीना/बिजनौर (सब का सपना):-** नगीना के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी सविता देवी ने एसपी को पत्र देकर मंजू सैनी, कमल सैनी, भारत सैनी, बिट्टू सैनी और तरुण कुमार पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार उसने 18 फरवरी को मंजू सैनी के खिलाफ थाने में शिकायत दी थी। आरोप है कि 20 सितंबर की रात 10:30 बजे सभी आरोपी लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुसे, शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया और इनकार करने पर पति-पत्नी के साथ मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में एसपी से कार्रवाई की मांग की गई है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर तेंदुए की मौत

**सिम्भावली/हापुड़ (सब का सपना):-** जनपद के थाना सिम्भावली क्षेत्र के ग्राम मानक चौक में धान के खेत में शीशम के पेड़ पर चढ़ने के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक तेंदुए की मौत हो गई। जानकारी के

शनिवार की शाम ग्राम मानक चौक में मृत तेंदुआ मिलने की सूचना पर वन कर्मचारी करन सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी गौतम सिंह और डीएफओ हापुड़ मौके पर पहुंचे। मौके पर हापुड़ वन प्रभाग की गढ़मुक्तेश्वर रेंज के अंतर्गत ग्राम मानक चौक में धान के खेत में खड़े शीशम के पेड़ को छूते हुए 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन जा रही थी। आशंका है कि तेंदुआ पेड़ पर चढ़ने के दौरान करंट की चपेट में आ गया और नीचे गिरकर उसकी मौत हो गई। मृत तेंदुए को बरामद कर रेंज कार्यालय लाया गया। रविवार को आलमगीर पौधशाला पर तीन पशु चिकित्सकों डॉ. नवनीत कुमार, डॉ. मदन पाल सिंह और डॉ. विशाल चौधरी की टीम ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद शव को पौधशाला परिसर में ही नियमानुसार जलाकर निस्तारित कर दिया गया। घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

# बढ़ापुर-19 से 2027 में चुनाव लड़ेंगे फहद यजदानी, समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

### दस वर्ष बाद अफजलगढ़ पहुंचे पूर्व प्रत्याशी का ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच स्वागत, मैरीलैंड पैलेस में उमड़ा समर्थकों का हुजूम।

**अफजलगढ़/बिजनौर (सब का सपना):-** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बढ़ापुर-19 विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। शुक्रवार देर शाम बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद फहद यजदानी के दस वर्ष बाद अफजलगढ़ पहुंचने पर समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। अगवानपुर-कालागढ़ मार्ग स्थित मैरीलैंड पैलेस में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी के बीच समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। मोहम्मद फहद यजदानी के पहुंचने की सूचना पर शाम से ही उनके समर्थक अफजलगढ़ शुगर मिल तिराहे पर एकत्र होने लगे थे। जैसे ही वह वहां पहुंचे, समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच समर्थकों ने नारे लगाकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कई समर्थकों ने सड़क किनारे खड़े होकर फूलों की वर्षा की। इस दौरान बड़ी संख्या में कारों और बाइक पर सवार समर्थक भी स्वागत में शामिल रहे। स्वागत के बाद फहद यजदानी समर्थकों के साथ शुगर मिल तिराहे से पैदल नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अफजलगढ़ गुरुद्वारे तक पहुंचे। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर समर्थकों और नगरवासियों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कई स्थानों पर समर्थकों की भीड़ नजर आई। ई-रिक्शा चालकों और राहगीरों ने भी उनका स्वागत किया। इसके बाद समर्थकों का काफिला अगवानपुर-कालागढ़ मार्ग स्थित मैरीलैंड पैलेस पहुंचा। यहां पूर्व प्रत्याशी के स्वागत में समारोह आयोजित किया गया। समारोह स्थल पर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। मंच पर पहुंचते ही समर्थकों ने नारे लगाकर उनका स्वागत किया। मैरीलैंड पैलेस में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए

मोहम्मद फहद यजदानी ने कहा कि वह करीब दस वर्ष बाद अपने लोगों और अपने परिवार के बीच पहुंचे हैं। उन्होंने स्वागत समारोह में पहुंचे बुजुर्गों, नौजवानों और माताओं-बहनों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह अपने परिवार और समर्थकों से राय-मशविरा कर आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर क्षेत्र की जनता के बीच पहुंचे हैं। यदि क्षेत्र के लोगों ने एकजुट होकर उन्हें चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया तो वह आजाद समाज पार्टी के टिकट पर बढ़ापुर-19 विधानसभा सीट से 2027 का चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने समर्थकों से एकजुट होकर चुनाव की तैयारी करने का आह्वान किया। फहद यजदानी ने कहा कि इस बार 2017 जैसी गलती नहीं दोहरानी है और आगामी चुनाव में पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरना है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ह्लइंशाअल्लाह, अबकी बार 2027 में फतह हासिल करनी है।ह्व उनके इस बयान पर समर्थकों ने नारे लगाकर उत्साह जताया। मोहम्मद फहद यजदानी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में कितना विकास हुआ है, यह जनता स्वयं जानती है। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र की जनता ने उन्हें विधायक बनाकर विधानसभा भेजा तो वह क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति की आवाज विधानसभा तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि क्षेत्र का हर छोटा-बड़ा व्यक्ति स्वयं को विधायक महसूस करेगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र की जनता से लगातार संपर्क बनाए रखना और लोगों की समस्याओं को समझना है। उन्होंने समर्थकों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने की अपील की। वही मोहम्मद फहद यजदानी के दस वर्ष बाद क्षेत्र में लौटने और आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल पर समर्थकों की भीड़ देर तक मौजूद रही। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच समर्थकों ने उनके प्रति अपना समर्थन जताया। कार्यक्रम का संचालन अमिताभ ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान हारून अंसारी, ग्राम पंचायत मेघपुर के ग्राम प्रधान पति रिजवान अहमद,पूर्व प्रधान डॉ. इरशाद अंसारी,इनाम खान,प्रधान डॉ राजेश कुमार,सभासद अब्दुल वाहिद,राजेंद्र सिंह, इसरार अहमद,फईम अहमद, प्रधान नौशाद अहमद,सभासद पति शहजाद अंसारी,नजमुल हसन, समाजसेवी बिलाल अहमद, हाजी जाकिर हुसैन टायशन, सलमान लड्डू, इरशाद अहमद मेघपुर,शहराज उर्फ जिम्मी एडवोकेट, अरमान चौधरी, आकिब एडवोकेट, हाजी जाहिद हुसैन,अनश नसीम अहमद, नदीम इदरीशी,नईम अहमद,कफील अहमद, सभासद पुत्र इरफान अहमद, रियाज अहमद उर्फ राजू राठी समेत बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# नोएडा में अलग-अलग घटनाओं में 4 मौतों से सनसनी, स्पायरा बिल्डिंग से कूदकर युवक ने जान दी; अन्य मामलों की जांच जारी

**एजेंसी**

**नोएडा।** नोएडा में शनिवार को तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत से सनसनी फैल गई। सेक्टर-94 स्थित स्पायरा बिल्डिंग में एक युवक ने 43वीं मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी। वहीं सूरजपुर में 18 वर्षीय युवती और सेक्टर-143 स्थित सोसाइटी में 32 वर्षीय निजी कंपनी के मैनेजर की मौत हो गई। इसके अलावा सेक्टर-142 क्षेत्र में 64 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-126 पुलिस के अनुसार, सेक्टर-94 स्थित स्पायरा बिल्डिंग में 3 अक्टूबर को संभव जैन एक दिन के लिए कमरा लेकर अकेले ठहरे थे। उन्होंने कमरे की बालकनी से



नीचे छलांग लगा दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ के दौरान पुलिस को युवक के मानसिक तनाव में होने की जानकारी मिली है। पुलिस अधिकारी और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना सूरजपुर पुलिस के अनुसार, कस्बा सूरजपुर में किराए के मकान में रहने वाली 18 वर्षीय शालू की बीती रात मौत हो गई। वह मूलरूप से मैनपुरी की रहने वाली थी और ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में काम करती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि युवती का एक युवक से प्रेम संबंध था और संबंधों में असफलता के कारण उसने यह कदम उठाया। हालांकि पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं, थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के सेक्टर-143 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले 32 वर्षीय प्रतीक जैन की भी बीती रात मौत हो गई। वह एक निजी कंपनी में मैनेजर थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार प्रतीक मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के थे। रिश्तेदारी में हुई मौत के कारण परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। इसी दौरान प्रतीक ने परिजनों को संदेश भेजकर कुछ लोगों का पैसा उधार होने और उसे लौटाने की बात कही थी। पुलिस मामले की जांच कर मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। थाना सेक्टर-142 पुलिस के अनुसार, इसी क्षेत्र में रहने वाले 64 वर्षीय प्रदीप कपूर की भी बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## नोएडा में छात्रा की खुदकुशी पर प्रेमी पर केस, तनाव में तीन लोगों ने खाया जहर

**एजेंसी**

**नोएडा।** दनकौर क्षेत्र में स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी की एक बीएससी एग्रीकल्चर की छात्रा द्वारा जान देने जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मृतका के पिता ने अपनी बेटी के प्रेमी के खिलाफ दुष्प्रेरण का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं दूसरी ओर, नोएडा के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मानसिक तनाव और अज्ञात कारणों के चलते दो युवतियों समेत तीन अन्य लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान देने का प्रयास किया है। इन सभी घायलों को बेहद गंभीर हालत में जिला अस्पताल से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बिहार के दरभंगा के रहने वाले अशोक कुमार ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि उनकी 21 वर्षीय बेटी साक्षी कुमारी गलगोटिया यूनिवर्सिटी में बीएससी एग्रीकल्चर के चतुर्थ वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। गत 15 सितंबर को पुलिस ने उन्हें सूचना दी थी कि साक्षी ने अपने पीजी के कमरे की छत पर लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पिता अशोक कुमार के अनुसार, बेटी के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें इस बात की जानकारी मिली कि साक्षी के अमन नामक एक युवक के साथ प्रेम संबंध चल रहे थे। आरोपी अमन भी उसी गलगोटिया यूनिवर्सिटी में ही पढ़ाई करता था और अक्सर साक्षी के साथ ही रहता था।पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। थाना फेस-3 क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गढ़ी चौखंडी गांव में रहने वाले 30 वर्षीय रेशम ने मानसिक तनाव के कारण अपने घर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। उनके पड़ोसी राजू ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां हालत अत्यधिक गंभीर होने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया।

## नोएडा में दो अलग-अलग सड़क हादसे: सेक्टर-35 में डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार, बादलपुर में बस की टक्कर से महिला की मौत

**एजेंसी**

**नोएडा।** शहर और बादलपुर क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई, जबकि कार चालक और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। नोएडा के सेक्टर-35 में एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसके बाद चालक उसमें फंस गया। गनीमत रही कि मौके पर पहुंची डायल-112 टीम ने चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहीं दूसरी तरफ, बादलपुर क्षेत्र में हुई एक अन्य दुर्घटना में अज्ञात बस की टक्कर से बाइक पर सवार महिला की जान चली गई और उनका दामाद गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना शुक्रवार देर रात नोएडा सेक्टर-35 यू-टर्न पर हुई। यहां एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। इस

टक्कर के कारण कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका चालक वाहन के अंदर ही फंस गया। हादसे की सूचना मिलने पर डायल-112 सेवा पर तैनात एसआई भरत सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार और कांस्टेबल राजू तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए फंसे हुए चालक को कार से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उसे समय रहते इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस हादसे में घायल हुए कार चालक की पहचान गुड़गांव निवासी यश कुमार के रूप में हुई है। बादलपुर में अज्ञात बस ने बाइक को मारी टक्कर उधर, दूसरी घटना थाना बादलपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एयरफोर्स स्टेशन के पास हुई। इस सड़क हादसे में दिल्ली की रहने वाली सुमति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतका के पति विजयपाल पुत्र समर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि सुमति अपने दामाद राजू के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर दिल्ली से अलीगढ़ जा रही थीं। रास्ते में एयरफोर्स स्टेशन के पास एक अज्ञात बस के चालक ने अपने वाहन को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर के चलते सुमति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद दामाद राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वर्तमान में पुलिस अज्ञात बस चालक की तलाश करने के साथ-साथ पूरी घटना की जांच में जुटी हुई है।

## सत्यवती मिश्रा के निधन पर पीएम मोदी ने की कलराज मिश्रा से फोन पर बात

**एजेंसी**

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा की पत्नी सत्यवती मिश्रा का निधन हो गया है। उनके निधन के बाद से राजनीतिक जगत और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों द्वारा शोक व्यक्त करने का सिलसिला लगातार जारी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को फोन पर कलराज मिश्रा से बातचीत की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बातचीत के दौरान उनका कुशलक्षेम जाना और सत्यवती मिश्रा के निधन पर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। जेपी नड्डा ने घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कलराज मिश्रा के नोएडा स्थित आवास पर पहुंचे। जेपी नड्डा ने वहां पहुंचकर दिवंगत सत्यवती मिश्रा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके साथ ही

उन्होंने कलराज मिश्रा और शोक संतप्त परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य तथा संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। तमाम गणमान्य लोग पहुंचे सांत्वना देने सत्यवती मिश्रा के निधन की सूचना मिलने के बाद गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा भाजपा जिलाध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व विधायक विनोद कटियार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमित मिश्रा, जिला महामंत्री अमित त्यागी, पद्मेश द्विवेदी, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, डिंपल आनंद, त्रिलोकचंद शर्मा, अनिल पांडेय, अरुण चौहान, भूपेश चौधरी और खुर्रम रिजवी समेत विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य लोग कलराज मिश्रा तथा उनके परिवार से मिलने पहुंचे और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## गौतमबुद्धनगर के 319 विद्यार्थियों के खातों में आई छात्रवृत्ति, लखनऊ के कार्यक्रम से जुड़े छात्र

**एजेंसी**

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शनिवार को लखनऊ के लोक भवन सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के अल्प आय वर्ग के पूर्वदशम एवं दशमोत्तर कक्षाओं के 4.60 लाख छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि भेजी गई। कुल 148 करोड़ रुपये की यह राशि सीधे विद्यार्थियों के खातों में हस्तांतरित की गई। इसी कड़ी में गौतमबुद्धनगर जिले में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में जहांगीरपुर के पब्लिक इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद अधिकारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लखनऊ में चल रहे प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पात्र विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे समय से आवेदन करके इन सभी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौतमबुद्धनगर के कुल 319 विद्यार्थियों के खातों में 8.09 लाख रुपये की छात्रवृत्ति हस्तांतरित की गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया ने बताया कि जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के कक्षा नौ एवं 10 के 75 विद्यार्थियों को 1.68 लाख रुपये तथा कक्षा 11 एवं 12 के 52 विद्यार्थियों को 1,68,236 रुपये की छात्रवृत्ति भेजी गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा नौ एवं 10 के 127 विद्यार्थियों को 1.77 लाख रुपये की राशि दी गई है। इसके अलावा सामान्य वर्ग के 41 विद्यार्थियों को 1.23 लाख रुपये और अल्पसंख्यक वर्ग के 24 विद्यार्थियों को 72 हजार रुपये की छात्रवृत्ति उनके बैंक खातों में भेजी गई है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार और पब्लिक इंटर कॉलेज जहांगीरपुर के प्रधानाचार्य कुलभूषण शर्मा समेत संबंधित विभागों के अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नोएडा पुलिस का बड़ा एक्शन: अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 8 बदमाश गिरफ्तार, शराब, गांजा और 14 लाख के जेवर बरामद

**एजेंसी**

**नोएडा।** जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब, गांजा, चाकू और चोरी के जेवरात बरामद किए गए हैं। बीटा-2 पुलिस ने एक आरोपी के पास से करीब चौदह लाख रुपये कीमत के चोरी के जेवरात और अवैध हथियार बरामद किए हैं। सेक्टर-39 और बिसरख थाना क्षेत्र में गिरफ्तारी थाना सेक्टर-39 पुलिस ने महर्षि आश्रम के गेट नंबर-1 के पास से अजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय टीएन सिंह को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, उसके कब्जे से

छह काटूर्नों में विभिन्न प्रकार की अंग्रेजी शराब और बीयर, शराब बिक्री के नौ हजार नौ सौ साठ रुपये तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई है। इसी तरह, थाना बिसरख पुलिस ने एटीएस गोल चक्कर के पास से नारायण दास पुत्र नकुल दास को पकड़ा और उसके पास से पांच सौ अट्ठासी ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस के अनुसार, यह आरोपी काफी समय से गांजे की पुड़िया बेचने का काम कर रहा था। इसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने एटीएस गोल चक्कर के पास से ही प्रवीण पुत्र राम भरोसे को भी दबोचा है। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह आरोपी लूटपाट के इरादे से हथियार लेकर वहां खड़ा था। दादरी और ईकोटेक-1 इलाके में कार्रवाई थाना दादरी पुलिस ने एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गुलफाम उर्फ गुल्लू को पकड़ा है। उसके कब्जे से पचास पव्वे देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी एक कबाड़ की दुकान पर खड़े होकर अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा कर रहा था। उधर, थाना ईकोटेक-1 पुलिस ने जमुना राय पुत्र बुद्ध राय को ग्राम तुसयान स्थित ओयो होटल के पास से पकड़ा है। उसके कब्जे से पैंतालीस पाउच देशी शराब बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, यह आरोपी शराब का ठेका बंद होने के बाद अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता था। चौदह लाख रुपये के आभूषण और अन्य आरोपी बरामद थाना बीटा-2 पुलिस ने कस्बा दादरी निवासी शंभू तिवारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, उसके कब्जे से चोरी के तीन सोने के नेकलेस, दो सोने के मांग टीके, दो सोने की कानों की चेन, एक सोने का हार, एक सोने का ब्रेसलेट और चांदी के जेवरात समेत करीब चौदह लाख रुपये कीमत के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि इस आरोपी ने एनसीआर में चोरी की दर्जनों वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। वहीं दूसरी तरफ, थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गरिमा विहार, सेक्टर-35 के पास से उस्मान पुत्र एहसान को पकड़ा है। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, यह आरोपी भी लूटपाट की नीयत से अवैध हथियार लेकर खड़ा हुआ था। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त डायरी

### यमुना प्राधिकरण पर 22 को होगी महापंचायत

**एजेंसी**

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (कृषक) की बैठक शनिवार को गांव अमरपुर में हुई। अध्यक्षता जिले सिंह ने की, जबकि संचालन विक्रम नागर ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण नागर ने कहा कि यमुना प्राधिकरण किसानों का शोषण कर रहा है। किसान बैकलीज, आवासीय भूखंड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा और रोजगार समेत कई समस्याओं को लेकर परेशान हैं। इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 22 अक्टूबर को यमुना प्राधिकरण पर बड़ी महापंचायत आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जीतू ने विक्रम नागर को मेरठ मंडल प्रभारी नियुक्त किए जाने की जानकारी दी। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**एजेंसी**

**नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में जीटी रोड स्थित एयरफोर्स स्टेशन के पास अज्ञात रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले में एक सप्ताह बाद अज्ञात बस चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कोतवाली प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि दिल्ली के तुलसी नगर इंद्रलोक निवासी विजयपाल की पत्नी 24 सितंबर की रात करीब 11 बजे दामाद राजू के साथ बाइक से दिल्ली से अलीगढ़ जा रही थीं। राजू ने हेलमेट पहन रखा था। एयरफोर्स स्टेशन के पास पहुंचने पर अज्ञात रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए। महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति की तहरीर पर अज्ञात रोडवेज बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

### कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**एजेंसी**

**नोएडा।** कस्बे में पितृपक्ष पर श्री आचार्य अतुल कृष्ण के सानिध्य में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। प्राचीन शिव मंदिर से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होती हुई कलश यात्रा कथा स्थल पुराना थाना मोहल्ला कचहरियान पहुंची। यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन व मंगल गीत गाए। इस दौरान मुख्य आयोजक लक्ष्मी नारायण विजय कुमार, शेरपाल सिंह, संदीप गर्ग, राजीव शर्मा, सजल अग्रवाल, रविकांत शालू, मुनेश अग्रवाल, अंशुल मंगला और हिमांशु कौशिक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### काफिले में स्टंटबाजी का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**एजेंसी**

**नोएडा।** कोतवाली क्षेत्र में गाड़ियों के काफिले के साथ खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग चलती गाड़ियों से बाहर निकलकर स्टंट करते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान यातायात नियमों की भी अनदेखी की गई। बताया जा रहा है कि वीडियो बुधवार का है, जो शनिवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। सड़क पर इस तरह की स्टंटबाजी से अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही थी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। पुलिस के अनुसार वीडियो में दिखाई दे रही गाड़ियों के नंबर के आधार पर स्टंट करने वालों की पहचान की जा रही है। पहचान होने के बाद आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से सड़क पर खतरनाक स्टंट नहीं करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

### जेवर में तहसील दिवस का आयोजन

**एजेंसी**

**नोएडा।** जेवर तहसील परिसर में शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने तहसील दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसील दिवस में स्वास्थ्य, पुलिस, विकास सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें लेकर लोग पहुंचे। फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं और उनके जल्द समाधान की मांग की। अधिकारियों ने शिकायतों को सुनते हुए संबंधित विभागों के कर्मचारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**एजेंसी**

**नोएडा।** सूरजपुर कस्बे में बृहस्पतिवार रात सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक नौशाद अहमद (27) मूलरूप से चंदौसी के रहने वाले थे और वर्तमान में सूरजपुर कस्बे में रह रहे थे। बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे वह पैदल घर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### साइबर सुरक्षा पर शिक्षकों को किया जागरूक

**एजेंसी**

**नोएडा।** बरसात गांव में स्थित ग्रेटर हाइट्स पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत साइबर सुरक्षा और नैतिकता विषय पर शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। साइबर विशेषज्ञ ने शिक्षकों को पासवर्ड सुरक्षित रखने, अनजान लिंक से बचने, फिशिंग, हैकिंग, साइबर बुलिंग और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा नहीं करने की जानकारी दी। प्रधानाचार्या राधा शर्मा ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनाना जरूरी है। चेयरमैन योगेश भाटी ने कार्यशाला को उपयोगी बताया।

# पुरुषों में अवसाद के खतरनाक संकेत

अवसाद, चिंता और तनाव की अंतिम सीढ़ी है। दुनिया भर में लाखों लोग इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार अकेले अमेरिका में हर वर्ष 50 लाख लोग अवसादग्रस्त होते हैं। यह एक मानसिक रोग है, जो हमारी शारीरिक और मानसिक गतिविधि पर असर डालता है।

## थकान

अवसादग्रस्त व्यक्ति गंभीर मानसिक और शारीरिक बदलावों से गुजरता है। वह हमेशा थका-थका सा महसूस करता है। उसकी शारीरिक गतिविधियां भी सीमित हो जाती हैं। उसके बोलने और वैचारिक प्रक्रिया की रफ्तार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अवसाद के दौरान महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों में थकान अधिक होती है। यह अवसाद के सभी लक्षणों में सबसे सामान्य होता है।

## नींद पर असर

अवसाद से लोगों की नींद पर विपरीत असर पड़ता है। वे या तो बहुत कम या बहुत अधिक सोने लगते हैं। कुछ लोग 12 घंटे तक सोने के बाद भी थकान महसूस करते हैं, तो वहीं कुछ रात में थोड़ी-थोड़ी देर बाद जागते रहते हैं। थकान की ही तरह नींद की समस्या भी अवसादग्रस्त पुरुषों में सामान्य लक्षण है।

## सिर और कमर दर्द

कब्ज या डायरिया, सिरदर्द और कमर दर्द जैसे स्वास्थ्य लक्षण, अवसादग्रस्त लोगों में सामान्य हैं, लेकिन, अक्सर पुरुष इस बात को नहीं समझते कि तेज दर्द और पाचन क्रिया में अनियमितता का संबंध अवसाद से भी हो सकता है। डॉक्टर बताते हैं कि अवसादग्रस्त लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं लगी रहती हैं।

## चिढ़चिढ़ापन

अवसादग्रस्त पुरुषों का स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है। वे भावनात्मक बातें कर रहे हों, तो दुख और चिड़चिड़ेपन का मेल सामने आ सकता है। पुरुषों में चिड़चिड़ेपन से उनके मस्तिष्क में निरंतर नकारात्मक विचार आते हैं।

## एकाग्रता में कमी

साइकोमीटर रेडिएशन से पुरुषों में सूचना प्रक्रिया करने की क्षमता कम हो जाती है, इससे व्यक्ति को काम पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होती है। अवसाद से व्यक्ति नकारात्मक विचारों से भर जाता है। उसके लिए किसी भी अन्य काम पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। जब आप अवसाद में होते हैं, तो मस्तिष्क सही प्रकार से काम नहीं कर पाता।

## बेवजह गुस्सा

कई लोग अवसाद की वजह से शत्रुतापूर्ण रवैया अपनाने लगते हैं। उन्हें बेवजह गुस्सा आता है और उनका स्वभाव भी आक्रामक हो जाता है। कोई ऐसा व्यक्ति जिसे इस बात का अहसास हो कि कुछ गलत है तो वह क्रोध दिखाकर स्वयं को मजबूत और सक्षम साबित करने का प्रयास करता है। गुस्सा और शत्रुतापूर्ण रवैया चिड़चिड़ेपन से अलग होता है। गुस्से में व्यक्ति स्वयं को अधिक प्रभावी दिखाने का प्रयास करता है। ऐसे में व्यक्ति को परिवार और दोस्तों से खास मदद की जरूरत होती है।

## तनाव

तनाव पुरुषों में अवसाद का एक लक्षण हो सकता है। हालांकि तनाव हर बार अवसाद का कारण बने, ऐसा नहीं होता। कई बार तनाव किसी अन्य कारण से भी हो सकता है और वह कारण दूर होते ही व्यक्ति सामान्य हो जाता है। शोध यह साबित कर चुके हैं कि लंबे समय तक बने रहने वाला तनाव मानसिक और शारीरिक रूप से बदलाव ला सकता है, जो आगे चलकर तनाव का कारण बन सकता है।

## घबराहट

घबराहट यानी एंजाइटी डिस्ऑर्डर और अवसाद में सीधा संबंध होता है। हालांकि, पुरुषों में महिलाओं के मुकाबले घबराहट कम होती है। हालांकि पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में यह समस्या दोगुनी होती है, लेकिन पुरुषों के लिए घबराहट अथवा चिंता की बात करना अपेक्षाकृत अधिक आसान होता है। पुरुष अपने परिवार और काम को लेकर होने वाली चिंताओं को लेकर अधिक खुलकर चर्चा कर सकते हैं।

## शारीरिक निष्क्रियता

शारीरिक निष्क्रियता का एक बड़ा कारण अवसाद होता है। अवसाद के कारण स्तंभन दोष (संभोग के दौरान लिंग का उत्तेजित नहीं हो पाना) होना सामान्य है और अधिकतर पुरुष इस बारे में बात करने से डरते हैं। वे स्वयं को कोसने लगते हैं, जिस कारण उनके अवसाद का स्तर बढ़ता चला जाता है। हालांकि यह रोग कई अन्य चिकित्सीय कारणों से भी हो सकता है। अकेला स्तंभन दोष अवसाद का कारण नहीं है।

## अनिर्णय

अगर आपको लगातार निर्णय लेने में कठिनाई आ रही है तो यह अवसाद का संकेत हो सकता है। कुछ लोगों को नैसर्गिक रूप से दुविधा में रहते हैं। उन्हें फैसले लेने में परेशानी आ सकती है। अगर आपके साथ पहले से यह परेशानी है, तो आपको अधिक घबराने की जरूरत नहीं, लेकिन, आपके स्वभाव में यह आदत नई शामिल हुई है, तो आपको सोचने की जरूरत है। जानकार मानते हैं कि अवसाद आपके क्षमता लेने की प्रक्रिया को धीमा कर देता है।

## आत्महत्या के विचार

महिलाओं में आत्महत्या की प्रवृत्ति अधिक देखी जाती है, लेकिन पुरुष अगर आत्महत्या का प्रयास करें, तो उनकी मौत होने की आशंका महिलाओं की अपेक्षा चार गुना होती है। इसकी एक वजह यह भी है कि पुरुष आत्महत्या के लिए अधिक खतरनाक तरीके चुनते हैं। बुजुर्गों में आत्महत्या की प्रवृत्ति अधिक देखी जाती है। कई बार डॉक्टर भी इस आयु वर्ग के लोगों में अवसाद के लक्षणों को सही से पहचान नहीं पाते। अधिक उम्र के पुरुषों और महिलाओं दोनों में अवसाद के लक्षण पाए जाते हैं।

## रेसिपी

### मसाला ब्रेड

**सामग्री**

- 4 ब्रेड पीस
- बटर: 2 टेबलस्पून
- जीरा: 1/2 टीस्पून
- सूखी लाल मिर्च: 2 टेबलस्पून
- लहसुन पेस्ट: 1 टीस्पून
- 2 प्याज
- 1 शिमला मिर्च
- 2 टमाटर
- 1/2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर
- नूडल्स मसाला: 1 टेबलस्पून
- बारीक धनिया: 1/2 कप
- नींबू का रस: 1/2 टीस्पून
- नमक: स्वाद के अनुसार

**विधि**

मसाला ब्रेड बनाने के लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च को बारीक-बारीक काट लें। अब मध्यम आंच पर पैन में बटर गर्म कर लें। इसमें प्याज डालकर फ्राई कर लें। प्याज को हल्का ही भूनें। अब सूखी लाल मिर्च-लहसुन पेस्ट डालकर 1 मिनट तक पका लें। इसमें शिमला मिर्च डालकर नरम होने तक अच्छे से पका लें। इसमें टमाटर, नूडल्स मसाला, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर मिक्स कर लें और 1 से 2 मिनट तक मध्यम आंच पर पका लें। अब ब्रेड के छोटे-छोटे टुकड़े कर के मसाले में डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब ऊपर से नींबू का रस डालकर मिक्स कर लें। तैयार है मसाला ब्रेड। इसे गर्मागर्म सर्व करें।

### चीज के पारे

**सामग्री**

- चीज (कद्दूकस किया हुआ): 1 कप
- मैदा: 1 कप
- मक्खन: 2 टीस्पून
- शक्कर: 1/4 टीस्पून
- काली मिर्च पाउडर: 1/2 टीस्पून
- बेकिंग सोडा: 1/4 टीस्पून
- दूध: जरूरत के अनुसार
- नमक: स्वाद के अनुसार
- तेल: तलने के लिए

**विधि**

चीज के पारे बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन लें। अब इसमें मैदा और चीज डालकर मिला लें। अब मक्खन, नमक, चीनी, बेकिंग सोडा और काली मिर्च पाउडर डालकर मिला लें। अब दूध को डालते हुए हल्का सख्त आटा गूंथ लें और 30 मिनट के लिए अलग रख दें। अब आटे की बड़े-बड़े आकार में लोई बना लें। अब एक लोई को रोटी से बड़ा बेल लें। चाकू या कटर की मदद से रोटी को चौकोर आकार में काट लें। एक कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रखें। अब कटे हुए चीज पारे को हल्का गोल्डन होने तक तल लें। तैयार हैं चीज पारे। इन्हें चाय के साथ सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-2-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-1-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-4-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-5-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 4029



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 4028 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा- 'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'

'जी हां, मीलार्ड, मगर ?'

'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला- 'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे, इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए !'

□ □ □

एक सेठ बीमार पड़ गया.

डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा- 'मुंशी जी ! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा ?'

'लगभग बीस हजार !'

'और क्रिया-कर्म में ?'

'लगभग पांच हजार !'

'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा- 'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'

महेश- 'पागल था वह ?'

रमेश- 'वह कैसे ?'

महेश- 'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 4029



**बायें से दायें:-**

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 4028

## सूडोकु -4029

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -4028 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 4029



**बाएँ से दाएँ**

1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खीजना,रोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमीकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा,तला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

### शब्द पहेली -4028 का हल

# द पैराडाइज़ के को-स्टार नानी के लिए राघव जुयाल ने लिखा दिल छू लेने वाला नोट

**एक्टर राघव जुयाल ने अपने द पैराडाइज़ के को-स्टार नानी के लिए एक बेहद दिल छू लेने वाला नोट लिखा है। फिल्म के हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज होने के बीच राघव के इस इमोशनल नोट ने दोनों एक्टर्स के बीच स्क्रीन के बाहर की खास बॉन्डिंग की भी झलक दिखा दी है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए इस नोट में राघव ने नानी को उन चुनिंदा लोगों में से एक बताया, जो बिना कुछ कहे उनके लिए एक 'सेफ प्लेस' बन गए। उन्होंने बताया कि नानी ने उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल जर्नी में किस तरह अहम भूमिका निभाई है।**

राघव ने बताया कि जब भी करियर और जिंदगी को लेकर वह किसी उलझन में रहे, नानी हमेशा उनके साथ खड़े रहे। दोनों अक्सर घंटों सिनेमा, करियर, जिंदगी और काम से आगे की तमाम चीजों पर बातें करते थे। राघव ने यह भी बताया कि नानी ने उन्हें अपने करियर से जुड़े फैसलों को बेहतर तरीके से समझने और इंडस्ट्री में आगे बढ़ते हुए खुद को वैसा ही इंसान बनाए रखने में मदद की, जैसा वह रहना चाहते हैं।

अपने इस इमोशनल नोट में राघव ने लिखा, 'जिंदगी में कुछ ही ऐसे लोग होते हैं, जो बिना जाने ही आपके लिए आपकी सेफ प्लेस बन जाते हैं। मेरे लिए नानी दादा भी उन्हीं लोगों में से एक हैं। मैंने कई बार कोशिश की है कि शब्दों में बता सकूं कि आप मेरे लिए क्या मायने रखते हैं, लेकिन सच कहूं तो मुझे अब भी लगता है कि शब्द कभी काफी नहीं होंगे। मैं आपसे सच में बहुत प्यार करता हूं और आपको बहुत एडमायर करता हूं। सिर्फ एक एक्टर या आर्टिस्ट के तौर पर नहीं, बल्कि एक इंसान के तौर पर भी। इस इंडस्ट्री में, जहां कई बार चीजें काफी अनिश्चित और शोर से भरी लगती हैं, ऐसे कई पल आए हैं जब मैं खुद को पूरी तरह खोया हुआ महसूस करता था। और पता नहीं कैसे, जब भी मैं ऐसे किसी क्रॉसरोड्स पर खड़ा हुआ, आप हमेशा मेरे साथ रहे, नानी दादा। दादा, आपने मुझे बैठाकर घंटों बात की है।

सिनेमा के बारे में, मेरे करियर के बारे में, जिंदगी के बारे में और कभी-कभी बिना किसी खास वजह के भी। आपने मेरी बातें सुनीं और मुझे समझा। आपने मुझे कभी इस बात के लिए छोटा महसूस नहीं कराया कि मैं कन्फ्यूज हूं या इमोशनल हूं। और हर बार आपसे बात करने के बाद मेरे दिल का बोझ थोड़ा हल्का जरूर महसूस हुआ। जिस तरह आपने हमेशा मेरे लिए जगह बनाई, मेरी बातें सुनीं और बस मेरे साथ रहे, उसके लिए शुक्रिया।

कुछ लोग आपको एडवाइस देते हैं, लेकिन बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो आपको महसूस कराते हैं कि आपको सच में समझा गया है और साथ ही आपको एक नया पर्सपेक्टिव भी देते हैं। नानी दादा, आपने मुझे दोनों चीजें दीं। आपने मुझे समझने में मदद की कि मैं किस तरह की फिल्मों का हिस्सा बनना चाहता हूं, कौन से चॉइसेस लेना जरूरी है और उससे भी ज्यादा जरूरी, उन फैसलों के बीच मुझे किस तरह का इंसान बने रहना है।

# चुंबक में महिलाएं सिर्फ सपोर्टिंग कैरेक्टर्स नहीं हैं

मुंबई संदीपा धर ने हाल ही में बताया कि उन्हें 'चुंबक' का हिस्सा बनने के लिए क्या चीज आकर्षित कर रही थी। एक्ट्रेस के मुताबिक, शो में महिलाओं को जिस तरह से पेश किया गया है, वह इसकी खासियतों में से एक है। उनके लिए यह सीरीज कॉमेडी के उस आम फॉर्मेट से अलग है, जहां अक्सर पुरुष किरदारों को ज्यादातर कॉमिक मोमेंट्स मिलते हैं, जबकि महिलाओं को सिर्फ सपोर्टिंग रोल्स तक सीमित रखा जाता है। शो को चुनने के अपने फैसले के बारे में बात करते हुए संदीपा ने कहा, मैं इस शो को लेकर इसलिए उत्साहित थी क्योंकि इसमें महिलाओं को स्टीरियो टाइपिकल तरीके से नहीं दिखाया गया है। आमतौर पर कॉमेडी में पुरुषों के पास सारे कॉमिक पार्ट्स होते हैं, जबकि महिलाएं सिर्फ सपोर्टिंग कैरेक्टर्स होती हैं। लेकिन यहां ऐसा बिल्कुल नहीं है। उन्होंने हेली शाह द्वारा निभाए गए ट्विंकल के किरदार का उदाहरण देते हुए शो के महिला किरदारों को लेकर किए गए इस अलग नजरिए की तारीफ की। संदीपा ने कहा, यहां हमारे पास ट्विंकल (हेली शाह) है, जिनकी कॉमेडी शो में सबसे अव्वल है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने पारंपरिक जेंडर रोल्स से हटकर किरदारों को पेश करने के लिए किए गए प्रयास की भी सराहना की है। उन्होंने कहा, हम महिलाओं को सिर्फ बैठकर खाना बनाते या पुरुषों को खाना परोसते हुए नहीं दिखा रहे हैं। दरअसल, आतिश ने यह बहुत सोच-समझकर किया है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि हम पारंपरिक जेंडर रोल्स को फॉलो न करें। संदीपा के लिए स्क्रिप्ट पढ़ते समय ही इसकी राइटिंग सबसे अलग और खास लगी थी। उन्होंने आगे कहा, जब मैं स्क्रिप्ट पढ़ रही थी, तभी मुझे लगा कि किसी को महिलाओं के किरदारों को इस तरह लिखते देखना वाकई काफी रिफ्रेशिंग है। महिला किरदारों को सिर्फ पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित रखने के बजाय उन्हें कहानी में सक्रिय और कॉमिक स्पेस देने के साथ, चुंबक ने संदीपा को कॉमेडी का एक अलग नजरिया दिया, जो उन्हें पहली रीडिंग से ही काफी रिफ्रेशिंग लगा।

# उर्वशी रौतेला ने एआई कंपनी से मांगा सात हजार करोड़ का हर्जाना, मिला जवाब

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अमेरिका की एक एआई कंपनी बॉलीवुड एआई पर कानूनी कार्रवाई की बात कही है। एक्ट्रेस का आरोप है कि कंपनी ने बिना उनकी अनुमति के उनकी तस्वीरें और वीडियो का इस्तेमाल किया है। इस मामले पर कंपनी की तरफ से भी जवाब दिया गया।

## क्या कहा उर्वशी की टीम ने

उर्वशी रौतेला ने लॉस एंजेलिस बेस्ड एआई कंपनी के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही है। एक्ट्रेस ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दावा किया है कि बिना उनकी अनुमति लिए कंपनी ने उनकी फोटोज और वीडियो का उपयोग किया है। उर्वशी की टीम ने एक पोस्ट शेयर कर लिखा, 'हम लॉस एंजिल्स स्थित इस कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। इससे हुए नुकसान की कीमत फिलहाल 7,000 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। उन्होंने उर्वशी की फोटोज और वीडियो का उपयोग करके कई अरबों डॉलर का कारोबार खड़ा किया है। आप अपना ब्रांड बनाएं, कंपनी बनाएं मगर उर्वशी का नाम उससे दूर रखें तब तक आपने उनसे अनुमति न ली हो।'

## एआई कंपनी के सीईओ ने क्या दिया जवाब

मामले पर बॉलीवुड एआई और हॉलीवुड एआई कंपनी के संस्थापक और सीईओ शीराज हसन ने भी जवाब दिया। शीराज ने भी एक पोस्ट जारी कर सफाई देते हुए लिखा, 'उर्वशी, हमने तुम्हारे मुंह में ये शब्द नहीं डाले। मैं तुम्हें सलाह देता हूं कि जवाब देने से पहले एआई और बॉलीवुड के मनोरंजन जगत के भविष्य के बारे में अच्छी तरह से जानकारी हासिल कर लो।'

शीराज ने आगे लिखा, 'बॉलीवुड एआई और हॉलीवुड. एआई मनोरंजन का भविष्य हैं। एआई फिल्में, वर्टिकल ड्रामा और ऐसे डिजिटल सितारे, जो कभी बूढ़े नहीं होते, कई भाषाएं बोलते हैं, 24 घंटे काम करते हैं और जिनका कोई अहंकार नहीं होता। आप अपने जवाब से लड़ सकती हैं, लेकिन आने वाले बदलाव से नहीं लड़ सकतीं। इसे अपनाइए। बॉलीवुड में मनोरंजन उद्योग का विकास हो रहा है।'

## एआई पर क्या बोलीं उर्वशी रौतेला

कुछ दिन पहले एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला से बॉलीवुड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में सवाल पूछे गए थे। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा था कि एआई बॉलीवुड को प्रभावित कर रहा है, साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें हिंदी फिल्म उद्योग से प्यार है।

# 'रिपोर्टिंग लाइव' में फील्ड रिपोर्टर बनेंगी परिणीति चोपड़ा

ड्डबॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों लगातार अलग-अलग तरह के प्रोजेक्ट्स के साथ दर्शकों के बीच अपनी जगह बना रही हैं। हाल ही में उन्होंने स्ट्रीमिंग सीरीज 'शक: ट्रस्ट नो वन' से ओटीटी पर कदम रखा और अब एक ऐसी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसकी कहानी पत्रकारिता, अपराध और अवैध रेत खनन की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमेगी। फिल्म का नाम 'रिपोर्टिंग लाइव' है, जिसमें परिणीति एक फील्ड रिपोर्टर के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ शेखर सुमन, अमोल पालेकर, देवेन भोजानी और आदिल हुसैन जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। 'रिपोर्टिंग लाइव' की कहानी एक ऐसी रिपोर्टर की है, जो एक बड़ी स्टोरी की तलाश में अवैध रेत खनन के उस नेटवर्क तक पहुंचती है, जिसे एक खतरनाक रेत माफिया हर हाल में छिपाकर रखना चाहता है। जैसे-जैसे रिपोर्टर इस पूरे मामले की तह तक जाने की कोशिश करती है, उसके सामने अपराध की एक ऐसी दुनिया खुलती जाती है, जहां सच को सामने लाना आसान नहीं है। फिल्म में इसी जांच, खतरे और सच की तलाश को थ्रिलर अंदाज में दिखाया गया है।

परिणीति फिल्म में एक फील्ड रिपोर्टर की भूमिका निभा रही हैं। यह किरदार उनके लिए इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि कहानी में रिपोर्टर सिर्फ खबर कवर करने वाली एक पत्रकार नहीं है, बल्कि वह लगातार एक ऐसे सिस्टम के खिलाफ आगे बढ़ती है, जो अपने अपराधों को छिपाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। फिल्म की कहानी में आम लोगों को भी अहम जगह दी गई है। फिल्म का निर्देशन ध्रुव त्रिपाठी ने किया है और उन्होंने मिहिर जाधव के साथ मिलकर इसकी कहानी लिखी है। ध्रुव ने फिल्म को लेकर कहा, ''मेरे लिए 'रिपोर्टिंग लाइव' की घोषणा बेहद खास है। मैं पिछले सात साल से इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ा हुआ हूं। मिहिर जाधव के साथ कहानी लिखने से लेकर इसे स्क्रीन तक लाने तक का सफर मेरे लिए लंबा रहा है और अब फिल्म को दुनिया के सामने लाने का मौका भी खास अनुभव है।''

ध्रुव ने कहा, ''मैं ऐसी थ्रिलर बनाना चाहता था, जो जमीन से जुड़ी और असली लगे, लेकिन कहानी के केंद्र में मौजूद आम लोगों की जिंदगी और उनकी परेशानियों को भी नजरअंदाज न करे। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू ने इस प्रोजेक्ट को बेहतर बनाने में अपना अहम योगदान दिया है। अब मैं चाहता हूं कि दुनिया भर के दर्शक इस कहानी को देखें और फिल्म से जुड़ें। फिल्म की प्रोड्यूसर पार्थ किरण ठाकुर ने भी 'रिपोर्टिंग लाइव' को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, ''फिल्म की कहानी और इसे बड़े स्तर पर पर्दे पर उतारने, दोनों में काफी कुछ दांव पर लगा हुआ था। टीम के पास शुरुआत से ही फिल्म को लेकर एक साफ विजन था और इसे इतने मजबूत कलाकारों के साथ पूरा होते देखना मेरे लिए बेहद संतोषजनक रहा।

# करण जौहर ने 'कॉफी विद करण' के फाइनल सीजन का किया ऐलान

फिल्ममेकर और टीवी होस्ट करण जौहर का पॉपुलर सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' अब अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। करण जौहर ने शो के फाइनल सीजन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह शो के सफर को याद करते हुए काफी इमोशनल नजर आए। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ''मुझे लगता है कि हमें बात करनी चाहिए, कॉफी पर... 'हॉटस्टार स्पेशल्स: कॉफी विद करण सीजन 9' का प्रीमियर 14 अक्टूबर से जियोस्टार पर होगा।'' वीडियो में करण ने शो शुरू होने के पीछे की कहानी शेयर की। उन्होंने कहा, ''यह जून 2004 की बात है, जब मैंने अपने पिता यश जौहर से कहा था कि मैं एक टॉक शो होस्ट करना चाहता हूं। मैं दो सेलिब्रिटीज या स्टार्स को बुलाकर उनके साथ खुलकर बातचीत करना चाहता हूं। मेरे पिता ने मेरी तरफ देखा और मजाकिया अंदाज में पूछा- 'करण तुम अपने दोस्तों को बुलाकर उनसे बातें ही तो करोगे, फिर कोई इसके लिए पैसे क्यों देगा?'''

# हिंदी फिल्में बनाना सबसे जटिल

अभिनेता अजय देवगन का फिल्मी सफर तीन दशक लंबा रहा है। हाल ही में फिक्की (एफआईसीसीआई) के समारोह में शामिल होने के दौरान उन्होंने हिंदी फिल्में बनाने को सबसे जटिल बताया।

अजय देवगन हाल ही में फिक्की द्वारा आयोजित दो दिवसीय समारोह में शामिल हुए। जहां उन्होंने हिंदी सिनेमा और 1990 के दशक के एकल-स्क्रीन युग से लेकर मल्टीप्लेक्स के बढ़ते प्रभाव और अब सिनेमाघरों, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, शहरों, कस्बों और सोशल मीडिया में बदलाव पर बात की। उन्होंने लिखा, 'मैं किसी अन्य सिनेमा से श्रेय नहीं छीन रहा हूं। चाहे आप इसे पारंपरिक सिनेमा कहें या अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा मेरा मतलब है कि वहां फिल्में बनाना उतना ही मुश्किल है। लेकिन मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि हिंदी फिल्म बनाना सबसे मुश्किल है, क्योंकि आपको पता नहीं होता कि आपके दर्शक कौन हैं।' आगे अपनी बाच को स्पष्ट करते हुए अजय ने कहा, 'जब आप कोई पंजाबी फिल्म, तेलुगु फिल्म या तमिल फिल्म बनाते हैं, तो आप दर्शकों को समझते हैं। क्योंकि यह एक विशेष क्षेत्र के लिए होती है। और आप उनकी पसंद को जानते हैं। इसलिए आप उसी दर्शक वर्ग को ध्यान में रखते हैं। हिंदी फिल्म के लिए अच्छा प्रदर्शन करना, मुझे लगता है कि हर 80-90 किलोमीटर पर भाषा बदल जाती है। सोचने का तरीका बदल जाता है। फिर आप जनसमूह, वर्ग, शहरों, शहरी क्षेत्रों की बात करते हैं। आप कस्बे की बात करते हैं। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' में अजय देवगन फ्रैंचाइजी के मुख्य किरदार विजय सलगांवकर के रूप में वापसी कर रहे हैं।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।